मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 314
शनिवार, 07 जून 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## पीएम मोदी ने किया दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन, वंदे भारत की भी दी सौगात

**कश्मीर, 06 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे और राज्य को 46 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं समर्पित कीं। इस दौरान उन्होंने दो ऐतिहासिक और तकनीकी दृष्टि से अद्वितीय पुलों चिनाब ब्रिज और अंजी पुल का उद्घाटन किया। साथ ही कटरा से श्रीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चिनाब नदी पर बना चिनाब ब्रिज अब विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज बन चुका है। इसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है और यह समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर स्थित है। यह पुल न केवल इंजीनियरिंग की दृष्टि से बेमिसाल है बल्कि यह देश के हर कोने को कश्मीर घाटी से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा है, जो जम्मू-कश्मीर के भौगोलिक और भावनात्मक दोनों रूपों में भारत से जोड़ने का कार्य करेगा।

प्रधानमंत्री ने अंजी पुल का भी उद्घाटन किया, जो भारत का पहला केबल-स्टे रेलवे ब्रिज है। यह पुल कटरा और रियासी को जोड़ता है और इसकी खूबसूरती के साथ मजबूती भी अद्वितीय है। कठिन भौगोलिक स्थितियों में इस पुल का निर्माण एक बड़ी



उपलब्धि मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया। यह ट्रेन अब हर मौसम में घाटी को जम्मू क्षेत्र से जोड़ेगी। यह सुविधा न केवल यात्रियों को राहत देगी बल्कि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए भी बड़ी सौगात होगी। इससे कटरा से श्रीनगर की यात्रा का समय घटकर सिर्फ 3 घंटे के करीब रह जाएगा।प्रधानमंत्री का यह दौरा पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद हो रहा है, जिससे यह संदेश गया कि अब जम्मू-कश्मीर में विकास को रोका नहीं जा सकता। कश्मीर में यह यात्रा सुरक्षा और स्थिरता के नए युग की शुरूआत मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ये परियोजनाएं ₹दिल की दूरी और दिल्ली की दूरी को कम करेंगी।₹ उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी बढ़ने से क्षेत्र में रोजगार, निवेश और पर्यटन के नए द्वार खुलेंगे। यह न केवल स्थानीय लोगों को फायदा देगा, बल्कि देशभर से आने वाले सैलानियों के लिए भी जम्मू-कश्मीर अब और पास हो जाएगा। इन संरचनाओं के शुरू होने से पर्यटन में जबरदस्त उछाल आने की संभावना है। अमरनाथ यात्रा हो या गुलमर्ग की बर्फीली वादियां, अब ट्रेन से सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा संभव होगी।

## सहारनपुर में सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, पायलटों की सूझबूझ ने टाला बड़ा हादसा

**सहारनपुर, 06 जून।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के पास एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान भारतीय वायुसेना के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने एहतियातन लैंडिंग की। घटना के बाद हेलीकॉप्टर सुरक्षित रूप से सहारनपुर एयर बेस पर वापस आ गया। लैंडिंग के दौरान किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। आईएएफ अधिकारियों ने एहतियाती लैंडिंग के पीछे के विशिष्ट कारण के बारे में तुरंत विवरण नहीं दिया, लेकिन ऐसा माना जाता है कि नियमित प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान सुरक्षा उपाय के रूप में यह कार्रवाई की गई थी। विमान में सवार कर्मियों और लैंडिंग के सटीक कारण के बारे में अधिक जानकारी की



प्रतीक्षा है।

इस साल की शुरूआत में इसी तरह की एक घटना में अप्रैल में गुजरात के जामनगर जिले में एक बांध के पास एक और आईएएफ हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की थी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी समस्याएँ आईं, जिसके कारण रंगमती बांध के पास आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। सौभाग्य से, कोई भी घायल नहीं हुआ, और अधिकारियों ने पुष्टि की कि विमान में सवार कर्मी सुरक्षित हैं।

सहारनपुर में एहतियातन लैंडिंग के बाद, भारतीय वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी।

घटना पर कड़ी नजर रखी जा रही है और जांच के नतीजे जल्द ही सामने आने की उम्मीद है।

## उम्मीद है जम्मू-कश्मीर फिर से पूर्ण राज्य बनेगा: उमर अब्दुल्ला

**कश्मीर, 06 जून।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कश्मीर के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के मौके पर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा उठाया।

अब्दुल्ला ने कहा, इस मंच पर चार व्यक्ति हैं जो कटरा रेलवे स्टेशन के उद्घाटन (2014 में) के समय उपस्थित थे। आप चुनाव जीतकर आए थे, पहली बार प्रधानमंत्री बने थे। उस समय प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री (एमओएस) जितेंद्र सिंह मौजूद थे और हमारे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा साहब रेल राज्य मंत्री के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे और मैं मुख्यमंत्री के तौर पर



यहां था। उन्होंने कहा, यदि आप देखें तो माता (वैष्णो देवी) के आशीर्वाद से सिन्हा को पदोन्नति मिली है और मुझे पदावनति। मैं पहले एक राज्य का मुख्यमंत्री था और अब मैं केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। हालांकि, मेरा मानना है कि इसे ठीक करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.... आपके कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा मिलेगा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पूर्ववर्ती राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। अब्दुल्ला ने कहा कि कई लोगों ने कश्मीर में ट्रेन चलने का सपना देखा था। उन्होंने कहा, कश्मीर को रेल से जोड़ने का सपना तो अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। उनकी योजना झेलम के किनारे उरी से रेल लाकर देश से जोड़ने की थी। जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह आपके (मोदी) हाथों हुआ और कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। अब्दुल्ला ने कश्मीर तक ट्रेन को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चिनाब पुल के उद्घाटन पर राजनीति तेज, कांग्रेस ने कसा पीएम मोदी पर तंज

**नई दिल्ली, 06 जून।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी ने कभी भी शासन में निरंतरता को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि वह हमेशा आत्म-प्रशंसा और आत्म-प्रचार की तलाश में रहते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल और उदमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे परियोजनाएं शासन में निरंतरता के उदाहरण हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने एएनआई से कहा कि प्रधानमंत्री कभी भी शासन में निरंतरता को स्वीकार नहीं करते, क्योंकि वह हमेशा आत्म-प्रशंसा और आत्म-प्रचार की तलाश में रहते हैं। ब्रह्मोस मिसाइल भी शासन में निरंतरता का एक उदाहरण है। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि इस परियोजना को मार्च 1995 में



मंजूरी दी गई थी जब पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे, उन्होंने कहा कि चिनाब ब्रिज के सभी अनुबंध 2005 में दिए गए थे। रमेश ने कहा, उदमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे परियोजना को मार्च 1995 में मंजूरी दी गई थी जब पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे। मार्च 2002 में, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जब वह प्रधानमंत्री थे... चिनाब ब्रिज के सभी अनुबंध 2005 में दिए गए थे।

उन्होंने कहा कि बारामूला से लेकर श्रीनगर, श्रीनगर से लेकर अनंतनाग, अनंतनागसे काजीगुंड और काजीगुंड से लेकर बनिहाल तक इस योजना का उद्घाटन 2014 से पहले ही कर लिया गया था... 272 किलोमीटर में से 160 किलोमीटर ट्रैक का उद्घाटन 2014 से पहले हो गया था। चिनाब पुल एक प्रतिष्ठित पुल है। हम भारतीय रेल को बधाई देना चाहते हैं। हम बधाई देते हैं, जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए यह बहुत महत्व रखता है और भारतीय रेल के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है... लेकिन कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री को याद दिलाना चाहती है कि उन्हें शासन में निरंतरता को स्वीकारना चाहिए... पहले की सरकार द्वारा जो काम किए गए हैं, प्रधानमंत्री उनका श्रेय लेने में बहुत आगे हैं। इसमें उनका कोई मुकाबला नहीं है। परियोजना में विभिन्न प्रधानमंत्रियों के योगदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लोगों और भारतीय रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, लेकिन निरंतरता में शासन को मान्यता दी जानी चाहिए। यह पिछले 30 वर्षों की सामूहिक उपलब्धि है... उन्होंने कहा कि लगातार प्रधानमंत्रियों ने इन परियोजनाओं को वास्तविकता बनाने के लिए काम किया है। इस बीच, शुक्रवार को कटरा के स्कूली बच्चों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंतजार करते हुए उत्साह देखा गया। 272 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 43,780 करोड़ रुपये की लागत से बनी है और इसमें 119 किलोमीटर तक फैली 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं। क्षेत्र में रेल बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री चिनाब पुल का उद्घाटन करेंगे और पुल के डेक का दौरा करेंगे। इसके बाद, वह अंजी पुल का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। वह वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

## डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है: सचिन पायलट

**जयपुर, 06 जून।** राजस्थान में भाजपा सरकार के दो साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में जहां बीजेपी अपनी तारीफों के पुल बांध रही हैं वहीं विपक्ष राज्य सरकार की कमियां गिना रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार प्रशासन पर अपनी पकड़ खो चुकी है और सत्ता के कई केंद्र इसकी बागडोर अपने हाथ में ले रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके बीच इतना तनाव है कि सरकार अपनी पकड़ खो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार पंचायतों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार के



डेढ़ साल के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि डबल इंजन सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिकारी हावी हैं और मनमर्जी से काम होता है। पायलट ने टोंक में मीडिया से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, पूरा देश यह जान चुका है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार का इंजन केवल धुआं फेंक रहा है, कामयाब नहीं हो रहा। डबल इंजन सरकार का संदर्भ केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने के लिए दिया जाता है। उन्होंने कहा, सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल को देखकर लगता है कि जो काम हम करके गये थे, जो हमने शुरू कर दिए थे और मंजूर कर दिए थे, वे इन कामों की देखरेख भी नहीं कर पा रहे। पायलट ने कहा, यह बहुत दुखद बात है कि सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ दिल्ली के आकाओं को खुश करने में लगा हुआ है। अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी सरकार सत्ता के संघर्ष में लगी है। अधिकारी हावी हैं। मनमर्जी से काम होता है। बड़े-बड़े पदों पर बैठे सत्ताधारी लोगों की कोई सुन नहीं रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर जनता का पूरा भरोसा है और आने वाले समय में लोगों का आशीर्वाद उसे मिलेगा। एक बयान के अनुसार पायलट ने टोंक में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें बिजली, पेयजल और आम जनता की अन्य समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली, 06 जून।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुरुवार (5 जून) को पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को कॉल करके जान से मारने की धमकी दी गई। पीसीआर कॉल कल रात करीब 11:00 बजे गाजियाबाद पुलिस को की गई। गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली पुलिस को जान से मारने की धमकी के बारे में जानकारी दी। कॉल करने वाले का फोन फिलहाल बंद है और इस मामले की जांच चल रही है। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने शहर के सभी स्कूलों में वाटर वेंडिंग मशीनें लगाने का फैसला किया है। उन्होंने अपने शालीमार बाग निर्वाचन क्षेत्र में जल मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ एक स्थानीय सरकारी स्कूल के दौरे के दौरान वाटर एटीएम का उद्घाटन किया। एक सभा को संबोधित करते हुए गुप्ता ने पिछली आप सरकार पर



अपने शिक्षा मॉडल का बखान करने का आरोप लगाया और उस पर लाखों कमजोर छात्रों को स्कूलों से निकालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के हैदरपुर इलाके में विज्ञान की पढ़ाई के लिए एक भी स्कूल नहीं है। गुप्ता ने कहा कि सरकार इस साल अपने स्कूलों में 7,000 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगी और छात्रों के लिए 100 भाषा प्रयोगशालाएं और 175 डिजिटल लाइब्रेरी भी खोलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार इस साल दिल्ली के सरकारी स्कूलों के 1,200 मेधावी छात्रों को लैपटॉप प्रदान करेगी, जैसा कि बजट 2025-26 में घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरकार ने एक बैंक के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कोष से प्रायोजित 100 टैबलेट छात्रों को उपलब्ध कराए थे।

### सूचना

देशवासियों को बकरीद की हार्दिक शुभकामनाएं बकरीद के मौके पर उत्तरशक्ति प्रेस एवं कार्यलय दिनांक 7-6-2025 को बंद रहेगा अंगला अंक दिनांक 9-6-2025 को प्रकाशित होगा

-संपादक






# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरें



-ललित गर्ग

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं



जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।ह्ल थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।

4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और ह्यजी हुजूरह्ल करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो ह्वदुष्प्रचारह्ल ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो ह्वकीचड़ स्नानह्ल कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि ह्लहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।ह्ल उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुवेर्दी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

# जनगणना की मांग करने वाले दलों को अब मिलेगी शांति पर इसका दूसरा पहलू भी गौरतलब है



अशोक भाटिया

जनगणना की मांग करने वाले दलों के लिए अब राहत की खबर है। केंद्र सरकार देश में जाति जनगणना का एलान तो पहले ही कर चुकी है। अब सरकार ने तारीखों का भी एलान कर दिया है। सूत्रों को मुताबिक, भारत में 1 अक्तूबर 2026 से जाति गणना के साथ जनगणना शुरू होगी। यह जनगणना देशभर में दो चरणों में कराई जाएगी। बता दें कि, जनगणना 1951 से प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर की जाती थी (2021 में कोरोना महामारी के कारण टली)। जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति बनाने और उन पर अमल करने के साथ-साथ देश के संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए बेहद अहम होते हैं। वहीं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है।

सूत्रों के मुताबिक, 16 जून 2025 को जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत अधिसूचना जारी होते ही यह प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। इसके बाद जनगणना से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी। पहले चरण में स्टाफ की नियुक्ति, प्रशिक्षण, जनगणना फॉर्मेट तैयार करना और फील्ड वर्क की योजना बनाई जाएगी। खास बात यह है कि इस बार जनगणना और जातिगत जनगणना एक साथ की जाएगी।प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण 1 फरवरी 2027 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण फरवरी 2027 के अंत तक संपन्न होगा। 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि को संदर्भ तिथि माना जाएगा, यानी उस समय देश की जनसंख्या और सामाजिक स्थिति का जो भी आंकड़ा होगा, वही रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। इस दिन के बाद से आंकड़े सार्वजनिक रूप से सामने आने लगेंगे। यह ऐतिहासिक कदम देश की सामाजिक संरचना को बेहतर ढंग से समझने और नीतिगत फैसलों के लिए मजबूत आधार प्रदान करेगा।

वहीं हिमालयी और विशेष भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में यह जनगणना प्रक्रिया अन्य राज्यों से पहले, अक्टूबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। वहां मौसम की कठिनाइयों और दुर्गम क्षेत्रों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 के तहत, 1 मार्च 2027 को जनगणना की संदर्भ तिथि घोषित की जाएगी और संबंधित अधिसूचना 16 जून 2025 को राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद जनगणना की आधिकारिक तैयारियां प्रारंभ हो जाएंगी।

बता दें कि इस बड़े फैसले की पृष्ठभूमि में अप्रैल में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से की गई घोषणा थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति ने आगामी जनगणना में जातिगत आंकड़ों को शामिल करने की स्वीकृति दे दी है।उन्होंने कहा था, कैबिनेट समिति ने आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है। यह फैसला सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण तथा समग्र राष्ट्रीय प्रगति की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनगणना पारदर्शी तरीके से कराई जाएगी।

देशभर में जातिगत गणना की मांग काफी समय से उठती रही थी। कांग्रेस, INDIA गठबंधन और विभिन्न क्षेत्रीय दलों ने बार-बार इसकी आवश्यकता को रेखांकित करती रही है। हाल ही में कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने राज्य स्तरीय जातिगत सर्वे कराया था, जिसे लेकर कुछ प्रमुख समुदायों वोक्कालिगा और लिंगायत ने यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि इस सर्वे में उनके साथ न्याय नहीं हुआ।

गौरतलब है कि भारत में यह जनगणना मूल रूप से अप्रैल 2020 में आयोजित की जानी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अगर इसे तय समय पर किया गया होता, तो अंतिम रिपोर्ट 2021 तक सामने आ जाती।जनगणना 2027 सिर्फ जनसंख्या की गणना भर नहीं होगी, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। वंचित वर्गों की सही पहचान और उनके लिए योजनाओं की बेहतर दिशा तय हो सकेगी। आरक्षण व्यवस्था और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर तथ्यात्मक और अद्यतन आंकड़े उपलब्ध होंगे। नीतियों और योजनाओं का पुनर्गठन संभव होगा जो समावेशी विकास की दिशा में उपयोगी हो सकता है।

भारत में पिछली जनगणना वर्ष 2011 में की गई थी, जो दो चरणों में पूरी हुई थी। पहला चरण मकान सूचीकरण (HLO) और दूसरा चरण जनगणना (PE)। 2021 में अगली जनगणना प्रस्तावित थी, जिसकी सभी तैयारियां भी पूरी हो गई थीं, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। यदि यह जनगणना समय पर होती, तो 2021 तक इसकी अंतिम रिपोर्ट सामने आ चुकी होती। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, जनगणना 2021 के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। हालाँकि, पूरे देश में कोविड के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित कर दिया गया था। कोविड ने शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को बाधित किया। जनगणना के लिए लगभग 30 लाख गणनाकताओं की आवश्यकता है और उनमें से अधिकांश प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। कोविड के बाद जनगणना प्राथमिक शिक्षा को बाधित कर सकता था। प्रवक्ता ने कहा कि जिन देशों ने महामारी के तुरंत बाद जनगणना की उन्हें जनगणना के आंकड़ों की कवरेज पर समस्याओं का सामना करना पड़ा।

केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रवक्ता ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया अब तुरंत शुरू होगी और 1 मार्च, 2027 को संदर्भ तिथि के रूप में समाप्त होगी। पोस्ट में कहा गया है, ह्व जनगणना के संचालन के लिए बजट कभी भी बाधा नहीं रहा है क्योंकि सरकार द्वारा हमेशा धन का आवंटन सुनिश्चित किया जाता है।

गृह मंत्रालय बताया कि, 'जातियों की गणना के साथ-साथ दो चरणों में जनसंख्या जनगणना-2027 आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जनसंख्या जनगणना-2027 के लिए संदर्भ तिथि मार्च, 2027 के पहले दिन 00:00 बजे होगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के गैर-समकालिक बर्फीले क्षेत्रों के लिए, संदर्भ तिथि अक्टूबर, 2026 के पहले दिन 00.00 बजे होगी। उपरोक्त संदर्भ तिथियों के साथ जनसंख्या जनगणना आयोजित करने के इरादे की अधिसूचना जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 3 के प्रावधान के अनुसार 16-06-2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।'

भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74।04 फीसदी था।

ज्ञात हो कि देश में जनगणना की शुरूआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

जातीय जनगणना का एक दूसरा पहलू भी है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता । जाति जनगणना का मतलब ही है कि भविष्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाया जाएगा। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना कराने की घोषणा होने के बाद ही डिमांड रख दी है कि जाति जनगणना का मतलब तभी पूरा होगा जब आरक्षण के 50 प्रतिशत वाले कैप को भी सरकार खत्म करे। ताकि पिछड़ों को आरक्षण 60, 70, 80 से 90 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सके। मंडलवादी पार्टियों की इन्हीं नीतियों के चलते ही देश 1990 से 2000 तक ऐसा अस्थिर हुआ कि एक मजबूत सरकार देश को नसीब नहीं हुई। उस एक दशक में भारत अपने बराबर के देशों जैसे चीन आदि से दशकों पीछे हो गया था। राजनीतिक अस्थिरता ऐसी रही कि देश भ्रष्टाचार और आतंकवाद के काले साए में समाया रहा। जाहिर है कि एक बार फिर वही कहानी दुहराए जाने का अंदेशा जताया जा रहा है। क्योंकि अब तो मंडलवादी पार्टियां और कांग्रेस दोनों ही इस मुद्दे पर एक हो गईं हैं। जाहिर है कि समस्या और गंभीर होने वाली है।

भारत में जाति एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। जनगणना में शामिल करने से जातिगत पहचान को और मजबूती मिलने की आशंका है। जाति जनगणना के बाद डइउ, रउ, और रळ की सटीक आबादी और उनकी स्थिति का पता चलेगा। 1990 में केवल अगड़ों ने संघर्ष किया था। पर अब दलित-आदिवासी और ईबीसी जातियां भी आंदोलनकारी होंगी। बहुत सी ऐसी जातियां हैं जो बहुत पिछड़ी हैं पर वो संख्या बल में कमजोर हैं। उनके साथ कैसे न्याय होगा, यह विचारणीय है। जाहिर है कि पिछड़ी जातियों में ही खींचतान बढ़ेगी। लोग मरने मारने पर उतारू होंगे। उच्च जातियों में भी यह डर पैदा हो सकता है कि उनकी हिस्सेदारी कम होगी। जाहिर इसके चलते एक बार फिर अगड़ा बनाम पिछड़ा वर्ग का तनाव बढ़ेगा। जैसा कि 1990 में देखा गया था। 1990 में तनाव जल्दी ही शांत हो गया था। इसका कारण था कि लोगों को अपना संख्या बल नहीं पता था। इस बार संघर्ष होगा तो रुकने का नाम नहीं लेगा। पर फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री लिखते हैं कि जाति जनगणना जातिवाद को संस्थागत करेगा और सामाजिक एकता को कमजोर करेगा। 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव इसका उदाहरण हैं।

# खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर भारत



- सुरेश सिंह बैस शाश्वत

## 7 जून वैश्विक खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष

एक समय था जब भारत अपनी खाद्यान्न आपूर्ति के लिये दूसरे देशों की दया पर निर्भर था। हमारे पास न उस समय कृषि के साधन थे, और न ही उन्नत तकनीक थी। फलतः आज का वही कृषक पहले अपनी कृषि से वैसा उपज नहीं प्राप्त कर पाता था, जैसा कि आज वह प्राप्त कर रहा है। आज कई मायनों में भारत खाद्यान्नों के मामले में अब आत्म निर्भर हो चुका है। इस संबंध में समाजशास्त्रियों का भिन्न-भिन्न मत है। कुछ कहते हैं कि ये ठीक है कि आज हम खाद्यान्न उपज के मामले में पूर्व से बहुत बेहतर हैं, पर आज हमारी जनसंख्या भी तो बहुत बढ़ गई है, जिससे हमारी खाद्यान्न उत्पादन की बढ़ी हुई क्षमता तो जैसी की तैसी ही रह गई अर्थात हम जहाँ पहले वे आज भी वहीं है कोई परिवर्तन नहीं है। जबकि दूसरे मत के समाजशास्त्री कहते हैं कि भारत में जनसंख्या की वृद्धि हुई है यह सही बात है, पर इस तथ्य को भी हमें नहीं भूलना चाहिये कि यहाँ अब श्रम करने वाले हाथ भी तो उतने ही बढ़ गये हैं, जो खाद्यान्न उत्पादन के लिये आवश्यक है। अर्थात जहाँ कम क्षेत्रफल में कम हाथों (श्रमजीवी किसान) द्वारा जो कार्य किया जा रहा था। बहुत सीमित एरिया सीमित मात्रा में था, वह अब असीमित होकर हमारी क्षमता को बेहतर और वृहत्तर बना रहा है।

वैसे दूसरा मत वास्तविकता के नजदीक जान पड़ता है, ऐसा मुझे लगता है। एक दिन मैं एक पुरानी पत्रिका जो मई 1973 को प्रकाशित हुई थी, उसके पृष्ठ को पढ़ रहा था तो उसमें एक जगह सरकारी विज्ञापन दिखाई दिया जिसमें लिखा था,....₹ कम अनाज खाइये ₹खाद्यान्नों के मूल्य कम करना आपके हाथ में है, गेहूँ चावल कम खाईये, सप्ताह में कम से कम एक बार बिना अनाज का ₹भोजन लीजिये।₹ उक्त विज्ञापन से साफ जाहिर होता है कि आज से कुछ वर्षों पूर्व हम खाद्यान्न के मामले में बहुत पीछे थे, हमारे यहाँ खाद्यान्नों जैसे गेंहू, चावल की

बहुत कमी थी ,तभी तो सरकार ने मजबूर होकर ऐसा विज्ञापन दिया रहा होगा। पर क्या आपने आजकल गत वर्षों में ऐसा कुछ विज्ञापन देखा है...? इसका जवाब होगा बिलकुल नहीं। इसका मतलब यही हुआ न कि अब हमारे यहाँ वैसी स्थिति नहीं है जैसी पहले हुआ करती थी। अब तो यह स्थिति है कि अब हम चायपत्ती उत्पादन में विश्व में प्रथम चावल में द्वितीय, गेहूँ में, तीसरी एवं चीनी उत्पादन में दूसरे, कपास में भी दूसरा स्थान पर है। देश में चावल का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला राज्य प. बंगाल एवं दूसरा आंध्र प्रदेश है, किंतु चावल की प्रति हेक्टेयर उपज पंजाब में सर्वाधिक है, मध्यप्रदेश आज देश में, सोयाबीन का उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा राज्य है। देश में मध्यप्रदेश ज्वार में प्रथम, तुअर में तथा अन्य दालों में द्वितीय, गेहूँ एवं चने में तृतीय और धान (चावल) में तीसरा स्थान रखता है। किंतु प्रतिव्यक्ति औसत उत्पादन में पंजाब और हरियाणा के पश्चात तृतीय है।

सरसरी तौर पर देखा जाये तो यह निश्चित है कि खाद्यान्न उत्पादन के मामले में हमारा देश एक सीमा तक आत्मनिर्भर हो चुका है। आज स्थिति यह है कि गेहूँ, चीनी हमारे यहाँ गोदामों में ठसाठस भरे पड़े हैं, उनके सुरक्षित रखने की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। पिछले वर्षों में गन्ना का रिकार्ड उत्पादन होने के कारण कृषकों को औने पौने दाम पर अपनी उपज बेचने पर मजबूर होना पड़ा था। यही कारण था कि चालू वर्ष में अधिकतर कृषकों ने गन्ने की उपज के बजाय दूसरे खाद्यान्नों की फसले ली। रिकार्ड बना उत्पादन के कारण हमारे यहाँ अभी भरपूर मात्रा में चीनी का स्टाक है (परंतु फिर भी न जाने किस नीति के तहत चीनी का बाहरी देशों जैसे बांग्लादेश आदि से आयात किया गया।) पर उसका उचित समय पर उपयोग नहीं होने से कृषक जगत में गलत संदेश जाता है। इसकी व्यवस्था को खासा ध्यान देना चाहिये।

वर्तमान में पूरी दुनिया ये जान चुकी है कि भारत अब खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर एवं काफी तरक्की कर चुका है। पंजाब हरियाणा के कृषक तो अब बहुत आगे निकल चुके हैं। हमारे, गोदाम अब लबालब भरे पड़े रहते हैं। परंतु हमें यह देखकर निश्चिंत होने की कतई जरूरत नहीं है, हमें नित नए तकनीको को इस्तेमाल करने की जरूरत है जिससे के ऊपज और फसलें बढ़े, जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती रहें । साथ ही उत्पादकता भी बड़े यह तो तय है, कि हर आने वाला वर्ष अपने साथ बढ़ी हुई जनसंख्या को लेकर आएगा। तो इसके लिए हमें निश्चित तौर पर यह तैयारी करनी होगी कि हर पेट को अन्न मिले। और खाद्यान्न की किसी भी प्रकार की कमी ना होने पाएं। वह इसके साथ हमें इसके लिए भी चौकन्ना रहना है कि आज के हमारे भारत देश की लगभग एक सौ अड़तीस करोड़ की जनता के लिए हर पेट को भोजन मिल सके और सब की पूर्ति हो सके। इसके लिए इतना अनाज जिसे शीतकेंद्रों, अनाज गोदामों व अनाज केंद्रों में रखने की वैसी ही सुदृढ़ व्यवस्था का होना अत्यंत ही आवश्यक है। इसके लिए भारत के हर राज्य में हर जगह हर स्थान में एक निश्चित योजना के अनुरूप बड़े-बड़े खाद्यान्न गोदामों की श्रृंखला विभिन्न राज्य सरकारें एवं केंद्र सरकार सुंदर योजना बनाकर तैयार किया जाना आवश्यक है। तभी तो हम करोड़ों मीट्रिक टन अनाजों को हम सुरक्षित और उपयोगी बनाकर रख सकेंगे। यह उतना ही आवश्यक तथ्य है, जितना कि अनाज का उत्पादन और उसकी सुरक्षाका ख्याल रखना उतना ही जरूरी है जितना कि उसका उत्पादन करना।

# इतिहास की परतों में छुपी स्त्री, संस्कृति और सभ्यता का पुनर्पाठ



-प्रियंका सौरभ

## राखीगढ़ी: भारत की स्त्री-केंद्रित सभ्यता की झलक

हरियाणा के हिसार जिले का एक सामान्य-सा गांव राखीगढ़ी, अब वैश्विक पुरातात्विक विमर्शों का केंद्र बन चुका है। 1997-99 के दौरान हुए उत्खननों ने इसे हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े स्थलों में गिना जाना शुरू किया, और 2012 में विश्व विरासत कोष की ह्यखतरे में पड़ी धरोहरोंह्ल की सूची में इसकी उपस्थिति ने वैश्विक ध्यान खींचा। परन्तु इसके बाद जो मिला झ एक महिला का 4600 वर्ष पुराना कंकाल, उसके बाएं हाथ की शंख की चूड़ियाँ, और ताम्र की बनी एक नृत्यांगना प्रतिमा - उन सभी ने इतिहास और पुरातत्व के स्थापित आख्यानों को चुनौती देना शुरू कर दिया।

राखीगढ़ी से मिला स्त्री कंकाल सिर्फ एक पुरातात्विक खोज नहीं है, यह उन असंख्य मौन स्त्रियों की प्रतीकात्मक उपस्थिति है जिन्हें सभ्यता की कहानी से सदा बाहर रखा गया। यह कंकाल लगभग 4600 वर्ष पुराना है, और अद्भुत रूप से संरक्षित अवस्था में मिला। उसकी बाईं कलाई पर शंख की चूड़ियाँ मिलीं झ यह उस समय के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतीकों की ओर संकेत करती हैं। डीएनए विश्लेषण से यह पता चला कि इस महिला के आनुवंशिक संबंध प्राचीन ईरानियों और दक्षिण-पूर्व एशियाई शिकारी-संग्राहकों से तो हैं, लेकिन स्टेपी चरवाहों से कोई संबंध नहीं मिला झ जिनसे अक्सर भारत में आर्यों के आगमन को जोड़ा जाता है। यह निष्कर्ष आर्य आक्रमण सिद्धांत को एक बड़ा झटका देता है और यह संकेत देता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में सांस्कृतिक विकास अपनी निरंतरता में हुआ।

मोहेंजोदाड़ो की विश्वप्रसिद्ध कांस्य नर्तकी की तरह, राखीगढ़ी से भी एक ताम्र प्रतिमा मिली है जिसे डांसिंग गर्ल₹ कहा जा रहा है। यह मूर्ति न केवल सौंदर्यबोध और कलात्मकता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि उस काल में नारी की उपस्थिति सांस्कृतिक और सार्वजनिक जीवन में कितनी सशक्त रही होगी। यह मान्यता को चुनौती देती है कि प्राचीन सभ्यताओं में स्त्रियां केवल घरेलू क्षेत्र में सीमित थीं। कंकाल मिलने के स्थल पर अग्निवेदिकाओं के अवशेष भी मिले हैं, जो यह संकेत करते हैं कि शवदाह की परंपरा उस समय भी प्रचलित थी। अग्नि, जिसे वैदिक

**हरियाणा स्थित राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल है, जहाँ से मिले 4600 साल पुराने महिला कंकाल, शंख की चूड़ियाँ और ताम्र नृत्यांगना की प्रतिमा सभ्यता में स्त्री की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हैं। डीएनए विश्लेषण ने आर्य आक्रमण सिद्धांत पर सवाल उठाए हैं और भारत की सांस्कृतिक निरंतरता को सिद्ध किया है। राखीगढ़ी अब केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं, बल्कि भारत के अतीत की आत्मा से संवाद का जीवंत माध्यम है।**

परंपरा में शुद्धिकरण और संस्कार का प्रतीक माना गया है, उसका हड़प्पा काल में इतना महत्वपूर्ण स्थान होना यह दशार्ता है कि वैदिक और हड़प्पा परंपराएं एक-दूसरे से पूर्णतः असंबंधित नहीं थीं।

कुछ विद्वान मानते हैं कि महाभारत युद्ध लगभग 5000-5500 वर्ष पूर्व हुआ था। यदि यह मान लिया जाए, तो राखीगढ़ी की स्थापना इस युद्ध से पहले की मानी जा सकती है। एक किंवदंती यह भी है कि महाभारत युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों की विधवाएं यहीं शरण लेने आई थीं, और यही से इस स्थान का नाम 'राखीगढ़ी' पड़ा 'राख' यानी मृत्यु की राख, और 'गढ़ी' यानी शरण। ऐसी मिथकीय व्याख्याएं ऐतिहासिक सत्य नहीं हैं, परंतु वे यह दशार्ती हैं कि स्थानीय जनमानस में राखीगढ़ी की सांस्कृतिक स्मृति कितनी गहरी है।

राखीगढ़ी से मिले महिला कंकाल का जीनोमिक विश्लेषण केवल पुरातत्व नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास-लेखन में एक बड़ा मोड़ है। स्टेपी डीएनए की अनुपस्थिति सीधे उस विचारधारा को चुनौती देती है जिसने लंबे समय तक ह्यआर्य आक्रमणह्ल को भारत में सभ्यता के आगमन का कारण बताया। इस अध्ययन ने इतिहास, नृविज्ञान और भाषाविज्ञान के विशेषज्ञों को एक बार फिर यह सोचने पर विवश किया है कि क्या आर्य बाहर से आए थे या यहीं के थे? क्या वैदिक संस्कृति और हड़प्पा संस्कृति में कोई टकराव नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक प्रवाह था?

राखीगढ़ी की खोजों के परिणाम अब एनसीईआरटी जैसे शैक्षिक निकायों के पाठ्यक्रम में भी दिखाई दे रहे हैं। हड़प्पा सभ्यता को अब केवल एक अतीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की निरंतरता के रूप में पढ़ाया जा रहा है। संस्कृत भाषा की उत्पत्ति, द्रविड़ भाषाओं के विकास और हड़प्पावासियों की भाषा पर भी अब नए सिरे से अध्ययन हो रहे हैं। यह केवल पुरातत्व नहीं, राष्ट्र की आत्मा की खोज है।

2012 में वर्ल्ड मॉन्यूमेंट फंड ने राखीगढ़ी को एशिया के उन 10 धरोहर स्थलों में शामिल किया जो विनाश के कगार पर हैं। अफगानिस्तान का मेस आयनाक, चीन का काशगर और थाईलैंड का अयुथ्या भी इस सूची में शामिल हैं। भारत में अक्सर पुरातत्व स्थलों को विकास के नाम पर या अनदेखी की वजह से नुकसान पहुंचता है। राखीगढ़ी का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसे पर्यटन केंद्र मात्र बनाना चाहते हैं या जीवित शोध प्रयोगशाला।

राखीगढ़ी की महिला चुप है, पर उसकी चूड़ियाँ बोलती हैं। उसका सिर उत्तर की ओर है- शायद भविष्य की ओर, या शायद प्रश्न की ओर। 'डांसिंग गर्ल' स्थिर है, फिर भी आंदोलित करती है। यह स्थल अब सिर्फ पुरातत्व नहीं, राजनीति, शिक्षा, संस्कृति और अस्मिता की बहस का हिस्सा बन चुका है।

यह सवाल केवल अतीत को जानने का नहीं है, यह तय करने का भी है कि हम किस अतीत को स्वीकार करते हैं झ लादे गए इतिहास को या खोजे गए इतिहास को ?राखीगढ़ी केवल मिट्टी में दबा कोई पुराना नगर नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की उस जड़ का नाम है जिसे सदियों से अनदेखा किया गया। यहाँ से मिली महिला की चूड़ियाँ, नृत्यांगना की प्रतिमा और अग्निवेदियाँ हमें यह बताती हैं कि हड़प्पा काल कोई पुरुष-प्रधान, युद्ध-केंद्रित समाज नहीं था—यह एक सांस्कृतिक, स्त्री-केंद्रित और समृद्ध सभ्यता थी। डीएनए विश्लेषणों ने न केवल आर्य आक्रमण सिद्धांत की पुनर्व्याख्या की है, बल्कि भारत के भीतर एक जैविक-सांस्कृतिक निरंतरता की पुष्टि भी की है। राखीगढ़ी हमारे अतीत की वह भूली हुई स्त्रीगाथा है, जिसे अब इतिहास की मुख्यधारा में स्थान मिलना चाहिए—सम्मान के साथ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से।

- प्रियंका सौरभ

# जिला परिषद पालघर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया शिवराज्याभिषेक दिवस

पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। जिला परिषद पालघर में शुक्रवार 6 जून 2025 को छत्रपती शिवाजी महाराज के शिवराज्याभिषेक दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे जिला परिषद के प्रवेशद्वार पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पूजन से हुई। इसके पश्चात जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे, प्रकल्प संचालक डॉ. रूपाली सातपुते एवं अन्य मान्यवरों की उपस्थिति में स्वराज्य गुढ़ीर की स्थापना की गई। इस मौके पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जननायक बिरसा मुंडा सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगीत और राज्यगीत का सामूहिक गायन किया गया।

इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे ने अपने संबोधन में शिवराज्याभिषेक दिवस के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श प्रशासन और स्वराज्य की संकल्पना की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला पशुपालन अधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर तथा शिक्षकों द्वारा विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त छात्र रणवीर द्वारा प्रस्तुत जोशीला पोवाड़ा सभी उपस्थितजनों की सराहना प्राप्त करने में सफल रहा।





इस आयोजन का संचालन उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य) इजाज अहमद शरक मसलत के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर जगताप, प्रमुख लेखा व वित्त अधिकारी धनराज पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी व्यंकटराव हुंडेकर सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जुए के अड्डे पर कल्याण क्राइम ब्रांच पुलिस का छापा

### 49 लोगों पर मामला दर्ज

कल्याण (उत्तरशक्ति)। बीते कुछ महीनों से कल्याण परिमंडल-3 में पुलिस ने नशेड़ियों और काले कारोबारियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया है। जिसके नतीजे में गोरख धंधा करने वाले दो नंबर के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी कड़ी में कल्याण क्राइम ब्रांच की टीम ने बाजारपेठ पुलिस थाने की हद में चल रहे एक जुए के अड्डे पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में पुलिस ने जुए का अड्डा चलाने वाले सुरेश रामचंद्र नाइक सहित लगभग 50 लोगों पर मुंबई जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पश्चिम के डॉ.बाबासाहब आंबेडकर रोड स्थित पाठारे नर्सरी के पास तपोवन बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर जुए का अड्डा धड़ल्ले से चलाया जा रहा था। सुबह-शाम यहां जुआ खेलने वालों की भीड़ लगी रहती है। इसकी सूचना मिलते ही बीती 3 जून की रात करीबन 9 बजे क्राइम ब्रांच पुलिस ने जुए के अड्डे पर रेड की। रेड के दौरान वहां बड़ी संख्या में लोग जुआ खेलते हुए पाए गए। हालांकि जुए का अड्डा चलाने वाला सुरेश नाइक तो पकड़ में नहीं आया, लेकिन पुलिस ने 40 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया था, जिन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

## शेमारू से रिलीज हुआ संगीत मासूम का सोलो सोंग ब्रेक अप पार्टी




मुंबई (उत्तरशक्ति)। बॉलीवुड के चमकते सितारे संगीत मासूम का बहुचर्चित सोलो गीत ब्रेक अप पार्टी शेमारू कम्पनी से रिलीज हो गया है। इस वीडियो सोंग के मुख्य सितारे हैं संगीत मासूम और अम्बिका दीवान बिष्ट। निर्देशन किया है आजाद हुसैन ने। निमार्ता एवं गीतकार मुकेश कुमार मासूम हैं निर्देशक आजाद हुसैन के अलावा डांस डायरेक्टर तीरथ निषाद, डी ओ पी मिस्टर अली, मेक अप शिवम पांडे व स्पॉट दादा हैं मुरली। इसके संगीतकार हर्ष बोस व अमन श्लोक हैं। नाजिम अली ने इसे अपनी सुरीली आवाज से गाया है। मासूम फिल्म कंपनी का यह गीत बहुत ही कर्णप्रिय बन पड़ा है। यह हर उम्र के लोगों को पसंद आयेगा। बताते कि संगीत मासूम एक होनहार कलाकार है। उन्होंने सरोज खान से डांस सीखा था और रोशन तनेजा एक्टिंग एकेडमी से अभिनय का चार महीने का डिप्लोमा किया है। फिल्म निमार्ता और गीतकार मुकेश मासूम ने कहा है कि यह गीत सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। निर्देशक आजाद हुसैन ने आशा व्यक्त की कि संगीत मासूम अपनी अभिनय प्रतिभा से बॉलीवुड में अलग और विशिष्ट पहचान बनायेगा। नरेश सिंह के मुताबिक यह गीत शेमारू कम्पनी से रिलीज हो गया है। लोगों को गीत - संगीत खूब पसंद आ रहा है। सुप्रसिद्ध संगीतकार राजा रफीक ने इस गीत को लाजवाब बताया है।

फिल्म अभिनेत्री सिरीन ने संगीत के डांस की सराहना की है। दयानतपुर निवासी ठाकुर धीरज कुमार सिंह ( प्रसिद्ध समाजसेवी व व्यवसायी ) ने इस गीत की सराहना करते हुए कहा कि बहुत शानदार गीत है। उम्मीद है कि संगीत अपनी प्रतिभा की खुश्बू से गांव का नाम रोशन करेगा। एडवोकेट राकेश कुमार ( रिटायर्ड एयरफोर्स व सम्मानित समाजसेवी ) ने गीत - संगीत की सराहना की है। बी. के. पाराशर, डॉ॰ श्याम बाबू, सहारा समय के पत्रकार इनामुल हक फारुकी, वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार शिवपूजन पान्डेय, सैकडों सफल फिल्मों के लेखक आदेश के. अर्जुन सहित देश भर के गणमान्य लोगों ने इस गीत को सराहा है।

## इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वैलरी, ने क्षेत्रीय डिजाइन पर आधारित अपने दूसरे मास्टरपीस, राजमुद्रा को लॉन्च किया

मुंबई। इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वैलरी, ने क्षेत्रीय डिजाइन पर आधारित अपने दूसरे मास्टरपीस, राजमुद्रा को लॉन्च किया। ब्रांड ने 22 कैरेट के इस शानदार आभूषण के जरिये महाराष्ट्र के इतिहास और जज्बे की अमर कहानी बयां की है। राज्य के गौरव, धरोहर और संजोई गई परंपराओं को समर्पित इन बेमिसाल आभूषणों को तीन राजसी परतों में तैयार किया गया है, जिसमें गहनों की उम्दा कारीगरी के जरिये साकार रूप दिया गया है।

वज्रटिक हार के रूप में इसकी पहली परत, छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रसिद्ध चंद्रकोर तिलक से जगमगाती है। अदम्य शक्ति को दर्शाने वाले और समय की कसौटी पर खरे वज्राटिक हार शिंदेशाही के गौरव का प्रतीक है। जिस तरह हाथी आँधी-तूफान या युद्ध की परवाह किए बिना अपनी राह पर आगे बढ़ता है, वैसे ही ये हार भी अटल इरादे का प्रतीक है और उन वीर योद्धाओं को समर्पित है, जो किसी भी परिस्थिति में अपने इरादे से डिगे नहीं। सचमुच इसमें विरासत, परंपरा और अनुपम कारीगरी के प्रति सम्मान की झलक दिखाई देती है, जिसे 22 कैरेट सोने में तराशा गया है।

सिंह हार के रूप में इसकी दूसरी परत, छत्रपति शिवाजी महाराज के शाही प्रतीक, यानी अपनी असीम शक्ति के साथ हमेशा आजादी की रक्षा करने वाले पराक्रमी सिंह के साथ अपनी चमक बिखेरती है। साथ में, धीरज व विरासत के प्रतीक तथा बेर फल की तरह नाजुक बोर माला भी इसकी शोभा बढ़ाते हैं, और इसमें लगे सुनहरे मनके इस फल की सहनशीलता को दशार्ते हैं। ये सभी परंपरा और शक्ति को एक ऐसे आभूषण में पिरोते हैं जो समय की कसौटी पर खरा उतरता है, और चमेली के हार के साथ इसकी सुंदरता बढ़ जाती है। साज हार के रूप में इसकी तीसरी परत, सोने का वो पावन धागा है जो इन सभी को एक सूत्र में पिरोता है। इसकी हर पत्ती धर्म और भाग्य की कहानी बयां करती हैं, ठीक वैसे ही जैसे धरती पर बिगड़े हुए संतुलन फिर से ठीक करने के लिए भगवान विष्णु के दस अवतारों ने कदम रखे थे। ये उस आस्था, उस शक्ति की मौन वंदना है, जो ढाल बनकर हमारी रक्षा करती है और हमें बचाए रखती है।नवीनता और बेहद उम्दा कारीगरी के तालमेल के साथ, राजमुद्रा ऐतिहासिक वैभव को पहने जाने वाले एक कलात्मक आभूषण का रूप देती है, जिसकी हर बारीकी महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और विरासत को बखूबी दशार्ती है। राजमुद्रा और हैदराबाद की कलात्मक विरासत से प्रेरित हाल ही में लॉन्च हुए अनंतारा के साथ, इंद्रिया ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान जताने के अपने बेमिसाल सफर की शुरूआत की है। इंद्रिया की ओर से पेश किया गया ये आभूषण, पारंपरिक कारीगरी को सहेजने और समय की कसौटी पर खरे डिजाइन के जरिये महाराष्ट्र की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करने के संकल्प को उजागर करती है।

## अंधेरी में वृक्षारोपण संपन्न



मुंबई (उत्तरशक्ति)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जुहू स्थित के-वेस्ट वार्ड में वृक्षारोपण बहुत हर्षोल्लास के साथ किया गया। तकरीबन 50 पेड़ लगाए गए जिसमें मा. विधायक अमित साटम, पूर्व नगर सेविका सुधा सिंह, पर्यावरण विद् संगीता बाजपेई, बी.एम.सी के-वेस्ट वार्ड जोन 3 की उपायुक्त डॉ भाग्यश्री कापसे, अशोक पंडित, भाजपा महामंत्री सरीता राजपुरे, नवीना शेट्टी, नीता बाजपेयी तथा एन.डी.आर.एफ-5 की पूरी टीम और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे। इस उपलक्ष में से नो टू प्लास्टिक , प्लास्टिक से दूरी बनाने इसका प्रण लिया गया . ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें और हमारी पृथ्वी को हरा-भरा रखें ।

## मानसून से पूर्व पालघर जिला स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से तैयार : डॉ.संतोष चौधरी

पालघर (उत्तरशक्ति)। बारिश के मौसम में फैलने वाली संभावित बीमारियों पर समय रहते नियंत्रण पाने के लिए जिला परिषद पालघर के स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए मानसून पूर्व कार्ययोजना की घोषणा कर दी है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. चौधरी ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, लेप्टोस्पायरोसिस, हेपेटाइटिस, गैस्ट्रोएंटेराइटिस और चिकनगुनिया जैसे रोगों के त्वरित निदान और उपचार के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को पूरी तरह सज्ज किया गया है। हर तहसील में रैपिड रिस्पॉन्स टीमें सक्रिय हैं और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, ग्रामीण अस्पतालों तथा उप-जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की नियुक्ति पूरी कर ली गई है। गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं और पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए 24 घंटे रेफरल सेवा उपलब्ध कराई गई है। गंभीर रोगियों को तत्काल उच्चस्तरीय अस्पतालों में भेजने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 102 एंबुलेंस तथा ग्रामीण व उप-जिला अस्पतालों के लिए 108 एंबुलेंस पूरी तरह तैयार हैं। इसके साथ ही प्रत्येक केंद्र को संपर्क हेतु दूरभाष नंबर और जिला स्तर पर अलग हेल्पलाइन नंबर प्रदान किया गया है। डेंगू, मलेरिया और जलजन्य रोगों की जांच व उपचार के लिए जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक केंद्रों तक पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, टेस्ट किट्स और रोकथाम सामग्री का भंडारण कर लिया गया है। बुखार के सैंपल जांचने के लिए आवश्यक किट्स भी उपलब्ध हैं।




साफ-सफाई के तहत पानी का ठहराव हटाना, मच्छरों का नाश करना, पानी की टंकियों की सफाई, और कुओं व जलस्रोतों का सैनिटाइजेशन जैसे कार्य ग्राम पंचायतों और नगर परिषदों के सहयोग से किए जाएंगे। स्वास्थ्य कर्मचारियों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बीमारी नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही रेडियो, बैनर, पोस्टर, सोशल मीडिया और मोबाइल के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा। तहसील और जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष पूरी तरह सक्रिय रहेंगे। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त डॉक्टर, स्वास्थ्य सेवक, नर्सें और औषधि वितरण कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे।उक्त आशय की जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संतोष चौधरी ने पत्रकारवार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। डॉ. संतोष चौधरी ने नागरिकों से अपील की है कि, ह्लमानसून के दौरान यदि कोई भी बीमारी के लक्षण नजर आएं तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। 108/102 एंबुलेंस सेवा और नियंत्रण कक्ष का पूरा लाभ उठाएं।ह्व उन्होंने भरोसा दिलाया कि पालघर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई इस समग्र तैयारी से वर्षा ऋतु में उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी रूप से मुकाबला किया जायेगा।

## संकल्प से सिद्धि तक मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों की समीक्षा

नरेंद्र सोनी

वसई रोड (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी कोंकण मंडल द्वारा आज संकल्प से सिद्धि तक थीम पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन ठाणे मंडल कार्यालय में किया गया। यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्षों की सफल यात्रा और उसकी ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र चव्हाण साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन में कार्यकताओं को पार्टी की जनहितैषी नीतियों की जानकारी दी गई और आगामी समय में जनसंपर्क अभियान को तेज करने के निर्णय लिए गए। कार्यशाला में प्रमुख रूप से मंत्री गणेश नाईक, मंत्री नितेश राणे, विधायक विक्रांत पाटिल, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कालसेकर, महासचिव श्रीमती माधवी नाईक, रवि अनासपुरे, हेमंत म्हात्रे, शैलेन्द्र दलवी, विधायक राजन नाइक, (नालासोपारा) निलेश राणे मौजूद रहे। साथ ही




कोंकण क्षेत्र के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, तथा प्रमुख पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में न केवल संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा हुई, बल्कि आगामी महीनों में जमीनी स्तर पर जनसंपर्क और जनजागरण के लिए गतिविधियाँ संचालित करने का संकल्प भी लिया गया।

## मुंबई में पैरीवेयर का नया डिस्प्ले स्टूडियो खुला

मुंबई (उत्तरशक्ति)। बाथरूम सॉल्यूशंस की जानी-मानी कंपनी पैरीवेयर ने मुंबई के अंधेरी (वेस्ट) में अपना नया डिस्प्ले स्टूडियो लॉन्च किया है। लक्ष्मी इंडस्ट्रियल एस्टेट, न्यू लिंक रोड पर बने इस स्टूडियो में ग्राहक अब बाथरूम प्रोडक्ट्स को नजदीक से देखने और समझने का अनुभव ले सकेंगे। इस डिस्प्ले स्टूडियो में वॉश बेसिन, वॉटर क्लोजेट,थर्मोस्टेटिक डाइवर्टर, शॉवर, फॉसेट, बॉडी जेट, हीटर, फ्लशिंग सिस्टम और बाथरूम फर्नीचर जैसे तमाम प्रोडक्ट्स को सीधे इस्तेमाल कर के देखा जा सकता है। कंपनी का कहना है कि इससे ग्राहक खरीदारी से पहले अच्छी तरह समझ पाएंगे कि उनके बाथरूम के लिए कौन-सा प्रोडक्ट सही रहेगा। स्टूडियो की खास बात है पैरीवेयर की नई एटर्नल कलेक्शन, जो एक लग्जरी रेंज है और उन लोगों के लिए बनाई गई है जो अपने बाथरूम को स्टाइल और क्लास का रूप देना चाहते हैं। आरबीपीपीएल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर के. निर्मल कुमार ने कहा मुंबई में हमारा यह नया डिस्प्ले स्टूडियो कंपनी की गुणवत्ता और इनोवेशन के वादे को दशार्ता है। हमारा मकसद है कि ग्राहकों को बाथरूम प्रोडक्ट्स का




ऐसा अनुभव मिले जो पहले कभी नहीं मिला। बता दें कि पैरीवेयर भारत की अग्रणी बाथरूम ब्रांड्स में से एक है, जो 70 सालों से ज्यादा वक्त से इस क्षेत्र में काम कर रही है। कंपनी के पास देशभर में 9 अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और 22,000 से ज्यादा डीलर्स का नेटवर्क है। पैरीवेयर हर साल करीब 1.5 करोड़ बाथरूम प्रोडक्ट्स बनाती है और 600 से ज्यादा शहरों में इसकी सर्विस उपलब्ध है। यह स्टूडियो सोमवार से शनिवार, सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। यहां मौजूद अनुभवी स्टाफ हर ग्राहक को उनकी जरूरत के हिसाब से सही प्रोडक्ट चुनने में मदद करेगा।

## पर्यावरण दिवस पर चांदिवली निवासियों को मिला भव्य पार्क और आधुनिक खेल परिसर

मुंबई (उत्तरशक्ति)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, चांदिवली संघर्ष नगर में भव्य उद्यान और आधुनिक क्रीड़ा संकुल का उद्घाटन किया गया और विधायक दिलीप (मामा) लांडे द्वारा मनपा अधिकारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कि चांदिवली विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना विधायक दिलीप लांडे के अथक प्रयासों से, चांदिवली संघर्ष नगर में मनपा की आरक्षित भूमि पर सुशोभित भव्य पार्क और आधुनिक क्रीड़ा संकुल और खेल परिसर का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर मनपा के अधिकारीगण, परिमंडल 5 के उपायुक्त देवीदास क्षीरसागर, एल विभाग के सहायक आयुक्त हेरलेकर, साकीनाका पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद तावड़े, मनपा उप उद्यान अधीक्षक सुनील राठौड़, सहायक अभियंता (संरक्षण) (पी) दीपक चौगुले, सहायक उद्यान अधीक्षक महेश एर्नाक के साथ ही सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी चंद्रकांत पुरी, उपविभाग प्रमुख सागर तुलस्कर, महिला उपविभाग प्रमुख पलवताई, शाखा



प्रमुख सुवासिनी सावंत , युवा उपविभाग प्रमुख कौस्तुभ बेटकर, शिवसैनिक डॉक्टर रविंद्र मस्के, मिलिंद जाधव के साथ आरपीआई चांदीवली तालुका के अध्यक्ष दादू भोसले सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मनपा एल विभाग के सहायक आयुक्त धनजी हेरलेकर ने कहा कि आज का कार्यक्रम महत्वपूर्ण है और पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण अभियान चलाकर इस मैदान में विभिन्न पेड़ लगाए जा रहे हैं. अगले साल ये पेड़ बड़े होंगे. इस अवसर पर परिमंडल 5 के उपायुक्त देवीदास क्षीरसागर ने कहा कि लाडे मामा ने इस पार्क को बनाने के लिए काफी मेहनत की है. उनके प्रयासों से और निदेर्शानुसार मनपा ने यह उद्यान बनाया है और हमें उम्मीद है कि निवासी इसकी उचित देखभाल करेंगे. पार्क का उद्घाटन करने वाले विधायक दिलीप लांडे ने कहा, संघर्ष नगर को एक सुंदर नगर बनाने का उद्देश्य था. इसके लिए विकास कार्य किए जाने हैं. ये काम मेरे प्रयासों से हो रहे हैं. यहां अस्पताल, पानी, सड़कें, पार्क और खेल का मैदान उपलब्ध है. अब इस पार्क को बनाए रखना निवासियों की जिम्मेदारी है और सभी को आज लगाए गए पेड़ों की देखभाल करनी चाहिए।

## जंगलों में खत्म होगा नक्सलवाद, शहरी माओवादी हो जाएंगे सक्रियः देवेंद्र फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित कवांडे पुलिस चौकी का दौरा किया। यह चौकी महाराष्ट्र पुलिस ने इस साल मार्च में स्थापित की थी। फडणवीस ने कहा कि कावंडे बॉर्डर पर पहला गांव है या छत्तीसगढ़ से आने वाले लोगों के लिए सबसे पहले आने वाला गांव है। यहां पास में ही अबूझमाड़ का जंगल है और प्रशासन भी यहां नहीं पहुंच पाता था। लेकिन हमारी पुलिस ने यहां चौकी खोली। इस चौकी की वजह से न सिर्फ पुलिस का दबदबा बना बल्कि हमने सुरक्षा की कमी को भी पूरा किया। हमने यहां 4ॠ टावर भी लगाया। पुलिस ने सुरक्षा दी और हम इस चौकी के जरिए सरकारी योजनाएं भी पहुंचाते हैं। तो इससे लोगों में भरोसा पैदा हुआ है।




नक्सलवाद को खत्म करने की समयसीमा पर उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि हम मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे। इसलिए, उस दृष्टिकोण से अच्छा काम चल रहा है। महाराष्ट्र ने इसे अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। लेकिन समस्या यह थी कि छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर भर्ती हो रही थी और वहां से माओवादी यहां अपनी गतिविधियां चलाने के लिए आते थे। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में नई सरकार ने केंद्र के सहयोग से माओवादियों की कमर तोड़ दी है... जल्द ही हम पूरे क्षेत्र में सुरक्षा शून्यता को भर देंगे, पुलिस का दबदबा होगा और हम मार्च 2026 तक इस लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि हम जानते हैं कि जैसे ही जंगलों में नक्सलवाद खत्म होगा, शहरी माओवादी बड़े पैमाने पर सक्रिय हो जाएंगे। हमें इसका भी सामना करना होगा क्योंकि वे हमारी संस्थाओं को बदनाम करना चाहते हैं, लोगों का संस्थाओं पर से भरोसा खत्म करना चाहते हैं और देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। शहरी माओवादी यही करने की कोशिश करते हैं। इसके खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। फडणवीस ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को ह्यहरित महाराष्ट्र, समृद्ध महाराष्ट्रह्व वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए फडणवीस ने कहा कि पौधारोपण को जन आंदोलन बनाया जाना चाहिए।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# बोलेरो और बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में दो की मौत, एक घायल

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। थाना पन्नूगंज क्षेत्र के अंतर्गत चतरा खड्डई गांव के पास सोनवट में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब बाईक सवार रॉबर्ट्सगंज खलियारी की तरफ आ रहे थे। बेलोरो रॉबर्ट्सगंज की तरफ जा रही थी। सोनवट गांव के पास जोरदार आमने सामने टक्कर हो गई ।जिसमें रायपुर थाना क्षेत्र के गांव के निवासी जहांगीर (22), रोजन (28) सरफराज (60) बाइक से रॉबर्ट्सगंज से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे सोनवट गांव के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जहांगीर और रोजन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सरफराज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पन्नुगंज पुलिस ने घायल सरफराज को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तियरा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।



थाना प्रभारी दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को जब्त कर लिया है। लेकिन ड्राइवर और अन्य सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए हैं। और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# योग की प्राचीन परंपरा आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी: कुलपति

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'विरासत से विकास: योग की भूमिका' विषयक परिचर्चा आयोजित

### ◆ योग से संभव है मन की शांति: पंकज मिश्र ◆ युवा पीढ़ी योग को अपने से जोड़े रखें: पवन कुमार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ‖विरासत से विकास: योग की भूमिका‖ विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विकास में योग की भूमिका पर गंभीर चर्चा की।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने योग की प्राचीन परंपरा को आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि मानव जाति तन, मन से स्वस्थ रहेगी तभी हम विकास कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि योग हमारी दैनिक दिनचर्या में शामिल रहेगा तभी हम जीवन का आनंद ले पाएंगे ।स्वस्थ रहने का वरदान भारतीय परंपरा में पहले से था और आज योग को पूरा विश्व मान रहा है।

बतौर आमंत्रित वक्ता प्रयागराज के आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक ख्यातिलब्ध योगाचार्य पंकज मिश्र ने कहा कि मस्तिष्क में नए विचारों को जन्म लेने के लिए मन का शांत होना बहुत जरुरी है। आज के इस दौर में योग से ही मन की शांति संभव है। उन्होंने कहा कि मन का विश्राम नहीं हो पा रहा है। इस के पीछे मोबाइल और कंप्यूटर जैसे डिजिटल यंत्रों की भी बड़ी भूमिका



है ।उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को ऊजार्वान बनाता है और सम्पूर्ण जीवनशैली पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसी साधना है जिसे अब वैज्ञानिक प्रमाणिकता भी प्राप्त हो चुकी है।

बतौर वक्ता लोक दायित्व संस्था के संयोजक पवन कुमार सिंह ने कहा कि योग भारतीय ग्रामीण जीवन और लोक परंपराओं में गहराई से जुड़ा हुआ है। हम सबको इस बात का विशेष गर्व है कि हजारों साल पूर्व प्रारंभ हुई योग परंपरा का लाभ आज पूरा विश्व ले रहा है। इस प्रकार की परम्पराओं को युवा पीढ़ी को अपने से जोड़े रखना चाहिए। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र ने कहा कि विरासत में हमें योग मिला है इसे जीवन से जोड़कर आगे ले जाना है। अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद यादव ने किया।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. श्याम कन्हैया सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया. कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राज कुमार सोनी, प्रो गिरिधर मिश्र, डॉ. राज बहादुर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. शशिकांत यादव, उद्देश्य सिंह, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. सतीश जैसल समेत अन्य उपस्थित रहे।

# वाराणसी में स्पीड ब्रेकर पर फिसली बाइक, दो युवकों की मौत

**परिजनों रो-रो कर हुआ बुरा हाल**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी में चोलापुर गोसाईपुर मार्ग पर गुरुवार की शाम सड़क पर बने ब्रेकर पर अनियंत्रित बाईक किनारे गड्ढे में गिर गई। घटना में बाइक चालक और पीछे बैठे युवक दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था ।गोसाईपुर चौकी क्षेत्र के भोपापुर, पचपेड़वा बाबा मंदिर के समीप पल्सर बाइक सवार युवक संदीप चौहान (28) पुत्र स्व. चंद्रप्रकाश निवासी गौरा पोस्ट भोपापुर (चोलापुर) और साजन चौहान (20) पुत्र राजकुमार चौहान निवासी कादीपुर (चौबेपुर) किसी काम से कहीं गए हुए थे ।वह गुरुवार की रात करीब 9 बजे दोनों अपने घर लौट रहे थे, जैसे ही भोपापुर गांव के समीप पहुंचे। ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि रफ्तार अधिक होने के कारण दोनों युवकों को गंभीर चोटें आई होंगी ।घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों को चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। यहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राकेश कुमार गौतम ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों के गहरी चोटें लगी और बाइक की रफ्तार तेज होने से हादसा हुआ। दोनों मृतक के परिजनों में किसी के द्वारा कोई तहरीर थाने पर नहीं दी गई है।

# युवक का मिला शव, परिजनों को हत्या की आशंका

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

बादलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालगंज खानपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव गांव के समीप पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।मृतक की पहचान दिलीप गौतम पुत्र हौशिला प्रसाद गौतम के रूप में हुई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात लोगों ने दिलीप की हत्या कर शव को गांव के पास फेंक दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सिंगरामऊ पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुटी हुई है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। उधर मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



# शाहगंज में टूर एण्ड ट्रैवल्स संचालक से दिनदहाड़े बदमाशों ने की छिनैती, संचालक को लगी गोली

**◆ क्षेत्र में फैली सनसनी, धड़ाधड़ बंद हुई दुकानें**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के निजमापुर बाजार के पास अरबाज टूर एन्ड ट्रेवल्स में लगभग पांच की संख्या में बदमाशों ने हथियार के बल पर संचालक मोहम्मद सऊद से पैसे की मांग की। विरोध करने पर हाथापाई हुई और गोली लगने से संचालक घायल हो गया। बदमाश एक लैपटॉप लेकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की तलाश कर रही है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के निजमापुर बाजार के पास शुक्रवार सुबह साढे. दस बजे अरबाज टूर एन्ड ट्रेवल्स व वेस्टर्न यूनियन केंद्र पर कार सवार पांच बदमाशों ने असलहे के बल पर संचालक मोहम्मद सऊद से पैसे की मांग की ।विरोध करने पर संचालक व बदमाशों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान एक बदमाश से तमंचा छीनने की कोशिश में चली गोली संचालक के बाएं पैर में लग गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े ।लोगों को आते देख बदमाश एक लैपटाप लेकर कार से खुटहन की ओर फरार हो गए।



घायल सऊद को पुरुष चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है ।वहीं इस सम्बंध में पूछे जाने पर डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान ने बताया की क्षेत्र के निजामपुर स्थित अरबाज टूर एन्ड ट्रेवल्स पर एक कार में सवार कुछ बदमाश आये और आधार कार्ड से पैसे निकालने की बात कही ।इसके बाद कुछ विवाद हुआ तो बदमाशों ने संचालक को मो. सऊद पर गोली चला दी जो उसके पैर को छूते हुए निकल गयी। पीड़ित को इलाज हेतू अस्पताल में भर्ती कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# ट्रेलर ने खड़े ट्रक में तिरपाल बांध रहे ड्राइवर खलासी को मारा टक्कर, ड्राइवर की मौत

**◆ हादसे में खलासी गम्भीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर**

मछलीशहर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के श्रीनेतगंज बाजार में ट्रेलर ने खड़ी ट्रक में तिरपाल बांध रहे ड्राइवर खलासी को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। जौनपुर रायबरेली नेशनल हाइवे पर स्थित शुक्रवार भोर में उक्त बाजार के निकट सीमेंट लादकर आ रहें। एक ड्राइवर और खलासी हल्की बरसात होने पर हाइवे के बगल श्रीनेत गंज बाजार में ट्रक खड़ी कर ऊपर तिरपाल डाल रहे थे। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ से तेज गति से आ रही ट्रेलर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज था कि ड्राइवर का शरीर आधे से कट कर ऊपर लटक गया। ट्रक पलट कर बगल गढ्ढे में जा गिरी। मौके पर ही ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि खलासी उसी ट्रक के अंदर बुरी तरह फस गया। घटना की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विनीत राय और क्षेत्रीय लोगों की ने घंटो कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस कर्मियों के साथ ट्रक में फंसे खलासी को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया और तत्काल उक्त खलासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछली शहर भिजवाया जहा डॉक्टर ने उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की घटना होने के बाद ट्रेलर ड्राइवर ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया। वाहन में मिले एक आधार कार्ड जिसमे चंद्रिका प्रसाद नाम लिखा है। वह ड्राइवर है। अभी नाम पता पूरी जानकारी नही हो पा रहा है। खलासी की स्थिति ठीक नहीं है। उसके द्वार मिले मोबाइल नंबर से फोन किया जा रहा है किंतु फोन उठ नही रहा है। मृत ड्राइवर का शव जिला अस्पताल स्थित मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है।



# अयोध्या में रामलला के ऑनलाइन प्रसाद के नाम पर 3.85 करोड़ रुपए का फ्रॉड

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अयोध्या में रामलला के नाम पर 3.85 करोड़ रुपए का ऑनलाइन प्रसाद के नाम पर फ्रॉड किये जाने का मामला सामने आया है। आरोपी आशीष ने वेबसाइट और भुगतान गेटवे बनाकर श्रद्धालुओं से ठगी किया है। अयोध्या में रामलला के नाम पर 3.85 करोड़ रुपये का ऑनलाइन प्रसाद घोटाला हुआ। आरोपी आशीष सिंह ने ‖ख्तिश्ल्ल्ह्वे वेबसाइट बनाकर 6,30,695 श्रद्धालुओं से ठगी की, जिसमें भारतीयों से 51 रुपये और विदेशियों से 11 डॉलर लिए गए। अयोध्या साइबर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 2.15 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस कराए, और शेष 1.70 करोड़ रुपये की रिकवरी प्रक्रिया जारी है। यह घोटाला 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय हुआ। पुलिस ने इसे अब तक की सबसे बड़ी साइबर रिकवरी बताया।

# डीएम ने मेडिकल बोर्ड की टीम से परीक्षण कराते हुए पात्र होने की दशा में दिव्यांग पेंशन उपलब्ध कराने का दिया आदेश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जीरो पॉवटी अभियान के अन्तर्गत चिन्हित 10 अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी राशनकार्ड के लाभार्थियों, जिनमें सुनीता पत्नी भोलेनाथ सिंह, राशनकार्ड संख्या-219442236900, मालती पत्नी रामवचन राशनकार्ड संख्या-219421184996, फातमा खातून पत्नी रियाज राशनकार्ड संख्या-219442224067, सुनीता पत्नी राजनाथ राशनकार्ड संख्या-219442224017, मिन्ता पत्नी भैयालाल राशनकार्ड संख्या-



219442218259, गुड़िया बानो पत्नी सोनू शाह राशनकार्ड संख्या-219442216413, रेखा पत्नी विनोद राशनकार्ड संख्या-219421251576, सरिता पत्नी गोविन्द राशनकार्ड संख्या-219421248001, रेनू गौतम पत्नी अनिल कुमार राशनकार्ड संख्या-219442235248, सुशीला पत्नी लालजी राशनकार्ड संख्या-219442220526 को राशनकार्ड की प्रति और मिस्ठान उपलब्ध करायी गयी। जिलाधिकारी ने दिव्यांग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मेडिकल बोर्ड की टीम से परीक्षण कराते हुए पात्र होने के दशा में दिव्यांग पेंशन भी उपलब्ध कराए ।वर्तमान में जनपद-जौनपुर में जीरो पॉवर्टी अभियान के अन्तर्गत चिन्हित 4675 परिवारों के सापेक्ष 3956 परिवारों के अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी राशनकार्ड निर्गत कर दिये गये है। शेष लाभार्थियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त उक्त योजनान्तर्गत जारी किये गये समस्त राशनकार्डो को लाभार्थियों में वितरित कराये जाये ।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी पहल के क्रम में जीरो पार्वटी योजनान्तर्गत जनपद के प्रत्येक ग्राम में 25 निर्धतम परिवारों को चिन्हित किया गया, जो विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं वंचित थ। उन्हे आवास, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कल्याण की सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा और इसके साथ ही पात्र युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत रोजगार दिलाने का कार्य किया जायेगा।

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, बिना भेदभाव किया जा रहा है जरूरतमंदों की मदद: जीशान खान

## जेड एफ एम ग्रुप के संस्थापक ने दो सौ बच्चों की पूरी पढ़ाई का खर्चा उठाने की कही बात

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अपने लिए जिया तो क्या जिया जब दूसरे के लिए गरीब, मजलूम और जरूरतमंदों के लिए कुछ नही किया। हमने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए हर सम्भव मदद का प्रयास किया है, जो निरन्तर जारी है। उक्त बातें युवा समाजसेवी और जेड.एफ.एम. फाउंडेशन एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक जीशान अहमद खान ने गुरुवार की देर शाम नगर के इराकियाना स्थित होटल ग्रेंड लान में आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा की भारत अनेकता में भी एकता का देश है ।जो खुशबू अपने देश की मिट्टी में है। हमारा प्रयास गरीब बच्चों की पढ़ाई, गरीब बेटियों की शादियां, जल के संकट से जूझ रहे गॉवों में जल की व्यवस्था, पन्द्रह रुपये में भरपेट भोजन सहित अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। खान ने कहा शाहगंज की धरती और यहां के प्रिय लोगों ने बहुत प्यार दिया और साथ ही साथ वाटर मैन की जो उपाधि दी है उससे में अभिभूत हूँ और वादा करता हूँ जबभी हमारी जरूरत होगी हर तरह से मदद का प्रयास होगा। उक्त मौके पर पांच बार के सभासद रहे मकसूद हसन, अरशद अंसारी, रफीक फूलपुरी, सुशील सेठ बागी, आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया। और संस्था के द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की ।सभा का संचालन गुलाम साबिर ने




किया। उक्त मौके पर अदनान अल्ताफ,अख्तर अंसारी, मो. फायक, शैलेश नाग, शिव कुमार प्रजापति, आमिर अंसारी, अप्पू, विशाल सोनी, प्रभार कुमार, उत्तम अग्रहरि,सचिन वर्मा एडवोकेट, अंकित उपाधयाय,राहुल अग्रहरि, बेलाल अहमद, सेराज अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरा हाइस्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 2451968, वर्ष-2005, स्कूल- एस एच एस स्कूल गोहका, जौनपुर।

मेरा इण्टरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 1390563, वर्ष-2007, स्कूल- के ए आर इण्टर कालेज प्रतापगंज, जौनपुर।

मेरा बी. ए. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 12142 वर्ष- 2012-2015 विश्वविद्यालय- नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय प्रयागराज समस्त वास्तव में कहीं खो गया है।

**प्रार्थी- पुष्पल यादव**
पुत्र चौथी राम यादव
पता ग्राम- मोलनापुर, पोस्ट- मछलीशहर जिला-जौनपुर।

हेतु सदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
एच०सी०जे० फार्म नं0 115 पार्ट 5
न्यायालय अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय, जौनपुर
वाद सं० धारा 35 अपील
तारीख पेशी- 22-6-2025
मैना देवी बनाम मुकेश

बनामः- मुकेश पुत्र रामसेवक मोहल्ला हुसैनाबाद तहसील सदर परगना हवेली जनपद जौनपुर।

चूँकी उपर आखांकित.. मैना देवी ने इस न्यायालय में आवेदन किया जाता है कि मुकेश ...अतएव आपको सही चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आमित करने के लिए 2025 के 6 के 22 दिवस को अपराह्न स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा सज्जा द्वारा ही ऐसा करने से असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सूना और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 04के 06के 2025 को निकाली गई।

न्यायालय

# पिकअप की चपेट में आने से सफाई कर्मी की मौत, पत्नी घायल

**◆ पिकअप समेत चालक मौके से फरार**

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पिकअप की चपेट में आने से सफाई कर्मी की मौत पत्नी रेशमा हुई घायल। तेज बहादुर गौतम 42 वर्ष पुत्र रणधीर गौतम निवासी जंगीपुर खुर्द सराय ख्वाजा शुक्रवार की सुबह लगभग सुबह 5:00 बजे बाइक से वाराणसी दवा लेने के लिए अपनी पत्नी रेशमा के साथ जा रहे थे। जैसे ही वह जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग पार करते हैं सामने से आ राही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, मौके पर पर दोनो गिर गए स्थानीय लोगों ने डायल 108 एंबुलेंस द्वारा दोनो घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां बाइक चला रहे तेज बहादुर गौतम को डॉक्टरो ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। वही रेशमा 35 वर्ष का जिला अस्पताल उपचार में चल रहा है। तेज बहादुर गौतम सोंधी ब्लॉक पर सफाई कर्मचारी थे। जफराबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की विधि करवाई की जा रही है



# जौनपुर में घाटों पर विशेष सफाई अभियान

## जलकुंभी और नालों की सफाई से मिलेगा स्वच्छ वातावरण

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शासन की मंशानुसार बरसात के मौसम से पहले शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देश पर नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर प्रमुख घाटों की सफाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर सभी नालों और नालियों की भी समय से पहले सफाई कराई जा रही है ।जिससे बरसात में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस कार्य की निगरानी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा रामसूरत मौर्या और अधिशासी अधिकारी पवन कुमार स्वयं कर रहे हैं ।नगर क्षेत्र के प्रमुख घाटों पर सफाईकर्मियों की टीम तैनात कर नालियों की सफाई, कूड़ा-कचरा निष्कासन, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। विशेष रूप से गोमती नदी के किनारे फैली जलकुंभी को मशीनों और सफाई मित्रों की सहायता से हटाया जा रहा है। जिससे नदी के प्रवाह में भी सुधार हुआ है। इस अभियान से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को साफ-सुथरे और सुरक्षित घाटों की सुविधा मिल सकेगी ।नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्या ने कहा कि जौनपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव से मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं है। बल्कि इसे लगातार और नियमित रूप से जारी रखा जाएगा।



अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नालों, नालियां एवं घाटों पर बृहद सफाई अभियान शुरू हो चुका है। सफाई व्यवस्था को स्थायी रूप से सुदृढ़ किया जाएगा।

# शाहगंज पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की चेन के बिक्री का 2000 रुपए बरामद

शाहगंज, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। डा0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में दिनांक-06.06.2025 को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार कब्जे से चोरी की चैन के बिक्री का 2000 रू0 बरामद किया। पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक-13.05.2025 को थाना क्षेत्र अन्तर्गत बुढिया माई मन्दिर मे अज्ञात महिला द्वारा हिमांशू यादव पुत्र जयप्रकाश यादव निवासी ग्राम दरियापुर थाना दीदारगंज आजमगढ के वादी संतराजी देवी दर्शन करने के दौरान चुरा लिया गया था जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 165/2025 धारा 305(ए)बीएनएस पंजीकृत था।



**गिरफ्तारी का विवरण:** आज दिनांक 06.06.2025 को उ0नि0 मुन्नालाल शर्मा मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी आरती पत्नी आलोक निवासी बरामदपुर थाना मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ को ग्राम हुसैनाबाद नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पूछताछ का विवरण:** गिरफ्तारी आरोपी द्वारा पूछताछ मे बताया गया की दिनांक 13.05.25 को बुढ़िया माई मंदिर से सोने की चैन चुराई थी । जिसको अम्बेडकरनगर मे किसी एक आदमी को बेच दी हूँ जिसका नाम पता नही जानती हूँ।


یسرٰی حکیمی دواخانہ Regd.No20230048

युसरा हकीमी दवाखाना
हमारी कोशिश, आपका विश्वास...

उपलब्ध सुविधायें-
- गठिया व जोड़ो के दर्द का इलाज
- बवासीर का इलाज बगैर आपरेशन के
- चर्म रोग व पेट की तमाम बीमारियों का इलाज
- बालों का झड़ना, सफेद दाग मुहासे व छाइयों का इलाज होता है ।
- निःसंतान का अचूक इलाज
- शुगर कन्ट्रोल का इलाज

मंगलवार बंदी बाक़ी दिन का सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक
Mob.: 9198443844, 8960275665

नोट- पुरुषों व महिलाओं के गुप्त रोगों से सम्बन्धित सभी प्रकार के रोगों का ईलाज किया जाता है ।

अब हर जुमा को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक
सफेद दाग के मरीजों को मुफ्त दवा मिलेगी यह सन् 2025 के अन्त तक जारी रहेगा ।

पता- बड़ी मस्जिद, पूर्वी गेट के सामने जौनपुर (उ.प्र.)

## आईआईएम बैंगलोर ने यूजी ऑनलाइन बीबीए कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**पटना (उत्तरशक्ति)।** भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर (आईआईएमबी) ने बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन डिजिटल बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप (बीबीए डीबीई) कार्यक्रम के दूसरे बैच के दाखिले शुरू किए। यह देश का पहला आईआईएमबी अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है। इच्छुक छात्र संस्थान के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि - 17 जून 2025, प्रवेश परीक्षा की तिथि - 20 जुलाई 2025 है। इस कार्यक्रम में 29 राज्यों और 359 शहरों से 1,000 से अधिक छात्रों ने इसमें नामांकन किया। सुरेश भगवतुला, चेयरपर्सन प्रोफेसर ने बताया, व्यवसाय में डिजिटल उपकरणों का उपयोग कैसे किया जाए इस बारे में जानकारी होना सभी के लिए आवश्यक है। यह तीन वर्ष का ऑनलाइन पाठ्यक्रम है, जिसे तीन चरणों सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री में विभाजित किया गया है। इच्छुक छात्र अपनी शैक्षणिक रुचियों के आधार पर किसी भी स्तर पर प्रवेश ले सकते हैं और यह किसी अन्य पाठ्यक्रम के साथ डबल डिग्री के रूप में भी किया जा सकता है। इस कोर्स में मुख्य बिजनेस शिक्षा को डिजिटल और एंटरप्रेन्योरियल दक्षताओं के साथ जोड़ा गया है और स्कॉलरशिप का दायरा बढ़ाकर इसे अधिक सुलभ व किफायती बनाया है।

## डी फार्मा के छात्र की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जौनपुर में सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में डीफार्मा के छात्र की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों के अनुसार, उसके सिर पर गोली के निशान हैं। वारदात के पीछे का कारण जमीन और दुकान को लेकर विवाद बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता की तहरीर पर थाना में पड़ोसी युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटनास्थल पर एसपी डॉ. कौस्तुभ कुमार ने पहुंचकर मुआयना किया। शव लेकर घर पहुंचने पर वहां पहुंचे भीम आर्मी के कार्यकर्ता पुलिस से कार्रवाई करने की मांग किए। एहतियात के तौर पर पुलिस मौजूद रही। खानपुर गांव निवासी दिलीप गौतम (22) पुत्र हौसिला गौतम डी फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। दिलीप अपने घर पर ही रहकर ऑटो चलाने के साथ-साथ पढ़ाई भी कर रहा था। वह शुक्रवार की सुबह ऑटो का भाड़ा मिलने पर गांव के ही एक व्यक्ति के यहां गया था। भाड़ा कैंसिल होने पर पुनः ऑटो लेकर वापस घर आ गया। घर आने के एक घंटे के बाद उसका शव घर के बाहर एक छोटे से कमरे में पाया गया। उसके सिर में गोली के निशान थे। घर की ही एक छोटी लड़की किसी काम से कमरे में गई तो वहां खून से लथपथ इस युवक को देखा तो यह बात घर वालों को बताई। परिवार के लोग उसे लेकर पीएचसी गए, जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता हौसिला प्रसाद ने तहरीर में उसके पुत्र दिलीप गौतम की शुक्रवार की सुबह नौ बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से एक माह पहले उसके बेटे दिलीप ने जमीन विवाद में खानपुर निवासी अभिषेक यादव से विवाद हुआ था। गांव में एक जमीन पर भवन बना है, वह उनका है। उसी विवाद के चलते दिलीप ने उस भवन में ताला लगा दिया था। उस समय वे लोग बोले थे कि तुमको गोली मार देंगे।

जिसके बाद इतने बड़े वारदात को अंजाम दिया गया। पिता की तहरीर पर आरोपी अभिषेक यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। घटनास्थल पर उनके साथ एडिशनल एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश सिंह, सीओ सदर परमानंद कुशवाहा, सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल करते हुए मृतक का शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका पता चल पाएगा।

## कार और बाइक सवार की टक्कर में मां और बेटे की मौत




**नई दिल्ली (उत्तरशक्ति)।** यूपी के सिद्धार्थनगर स्थित खेसरहा थाना क्षेत्र के बेलौहा-मेहदावल मार्ग पर बजरंग मोड़ के आगे शुक्रवार को कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया और खुद पलट गई। इस हादसे में शिक्षक की पत्नी और ढ़ाई साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि, खुद शिक्षक और एक पुत्र जख्मी हो गए। इसके अलावा कार सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस केस दर्ज करके मामले जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करमा निवासी बलिराम (35) पुत्र प्रभू अपनी पत्नी सुमन (32) और दो बच्चों हर्षित उम्र चार वर्ष और दो वर्षीय अयांश के साथ अपनी बहन के घर चुइटहा से अपने घर करमा आ रहे थे।

अभी वह बजरंग चौराहे से आगे पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। जिससे अयांश की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और बलिराम व पत्नी सुमन और पुत्र प्रसिद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंची। जहां स्थिति गंभीर देख बाइक सवार तीनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान पत्नी सुमन की भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे 20 मीटर दूर जाकर गिरी। जिससे कार में सवार संतकबीरनगर जनपद के सेमरियांवा निवासी अंसारुल और उनकी पत्नी हसीना खातून को भी चोटें आई हैं। जिनका इलाज सीएचसी खेसरहा पर चल रहा है। कार सवार डुमरियागंज स्थित खरकट्टी जा रहे थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष खेसरहा चंदन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित बलदेव के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है ।

## तमंचा, कारतूस और नकद रुपये के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने एक अपराधी को तमंचा कारतूस और चोरी के नकद रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आशिफ अहरौला थाना क्षेत्र के सोफीगढ़ गांव का निवासी है। जानकारी के मुताबिक, बृहस्पतिवार फूलपुर कोतवाली पुलिस की टीम ग्राम भेड़िया शिव मंदिर के सामने चकअल्लाह रोड के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक युवक को संदेह होने पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 20 मार्च व 20 मई को क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं में वह शामिल था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आशिफ एक शातिर व दुर्दांत अपराधी है, जिस पर हत्या, पशु क्रूरता, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में आठ मुकदमे दर्ज हैं।

# महाराजगंज में रोजगार मेला का हुआ आयोजन




**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान महाराजगंज. शहर की आरबी जीआर कालेज के मैदान में सीवान जिला श्रम नियोजन मेला 05 जून 2025 को जिला श्रम संसाधन व श्रम नियोजन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया ।जिसमें कुल 33 स्टोल विभिन्न विभागों और कंपनी द्वारा लगाया गया था। मेला का उद्घाटन माननीय सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल तथा श्रम संसाधन विकास विभाग और श्रम नियोजन विभाग सीवान के विभागीय जिला पदाधिकारियों भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार जिला वरीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जिला प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह जिला मंत्री अजय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्यअतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने इसे युवाओं और युवतियों के उज्जवल भविष्य के लिए बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग को बधाई शुभकामनाए आभार व्यक्त किया।

और बिहार के एनडीए सरकार की मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री वित्त मंत्री सम्राट चौधरी और श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को बधाई दी। वही उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत सरकार के 2014 में एक नया भारत सरकार के कौशल विकास विभाग स्थापित कर युवाओं में हुनर स्थापित करने के लिए केंद्रीय स्तर से लेकर राज्य व जिला स्तर/ प्रखंड स्तर तक विकसित किया। उन्होंने कहां कि अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कुशल बनाने का काम किया। इससे युवाओं युवतियों को आर्थिक विकास हो रहा है। वही रोजगार मेला का आयोजन नियोजन आपके द्वारा स्कीम चलाकर स्थानीय स्तर पर बिना भाग दौड़ किया गया। स्टोल लगाकर आवेदन लिया गया।

योग्यता के अनुसार प्राप्त आवेदन के आधार पर चयन कर उन्हें पर्चा दिया गया। वही आज के नियोजन मेला में 300 सौ से अधिक लोगों को जौब कार्ड सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा दिया गया। मौके पर मान सीवान पूर्वी जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, जिला मंत्री अवधेश पांडे महाराजगंज नगर पंचायत के मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह पूर्वी के प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह संजय कुमार सिंह , भाजपा नेत्री सुप्रिया कुमारी,मोहन कुमार पद्माकर, भाजपा नेता पतीराम सिंह आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जौनपुर में अपराधियों पर लगाम लगाने में प्रशासन नाकाम : महेंद्र यादव



जौनपुर। जनपद में आए दिन अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। अपराधियों पर लगाम लगाने में प्रशासन पूरी तरह से विफल है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव के घर सदिच्छा भेंट करने आए समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तथा बदलापुर विधानसभा प्रभारी महेंद्र यादव ने हमारे संवाददाता से की गई बातचीत में उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि योगीराज में भ्रष्टाचार महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। हिंदू मुस्लिम के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष राम जतन यादव, विधान सभा महासचिव अशोक निषाद ,सेक्टर प्रभारी इन्द्र पाल यादव, अजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, अच्छेलाल यादव, राजेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान संजय यादव स्वतंत्र यादव, भोला प्रजापति, दीपू यादव, संगम यादव, आनन्द, विनोद अनेक लोग उपस्थित रहे।

## 99 रूपए से शुरू हो रही शॉप्सी की फैशन सेल - अब हर खरीद में होगा ठाठ का अंदाज!




**बेंगलुरु।** जैसे-जैसे मौसम ठंडा होने लगता है और गर्मियों के कपड़ों को बदलने का समय आता है, देशभर के बजट-सचेत खरीदार नए कपड़े, फैशन एक्सेसरीज और मानसून के जरूरी सामान खरीदने की तैयारी में जुट जाते हैं। ऐसे मेंफ्लिपकार्ट का शॉप्सी, भारत का सबसे तेजी से बढ़ता किफायती ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, अपनी एंड ऑफ सीजन सेल (ईओएसएस) शुरू करने जा रहा है। इसका मकसद खरीदारों को हर दिन के नए फैशन ट्रेंड्स और कम कीमतों वाले खास ऑफर्स की मदद से भीड़ से अलग दिखने में मदद करना है।

यह सेल 30 मई से 8 जून तक चलेगी और भारत की सबसे बड़ी व बहुप्रतीक्षित एंड ऑफ सीजन सेल्स में से एक होगी,जिसमें विक्रेताओं की ओर से ग्राहकों को शानदार ऑफर्स दिए जाएंगे। शॉप्सी की एंड ऑफ सीजन सेलमें ग्राहकों को मिलेगा ह्यहर दिन नए ट्रेंड्सह्ल का खास अनुभव, जिसमें रोज नए फैशन ट्रेंड्स की शुरूआत सिर्फ 99 से होगी झ जिससे भारत के खरीदार अपनी वार्डरोब और घर को बिना जेब पर बोझ डाले रिफ्रेश कर सकेंगे। मुख्यआकर्षणों में शामिल हैं अंडर 199 रुपये का बाजार, जिसमें रोजमर्रा की आवश्यकताओं पर बेजोड़ कीमतें हैं, 299 रुपये के सुपर सेवर्स, जिसमें वैल्यू फैशन सेट और क्वॉ लिटी फुटवियर हैं, और 499 रुपये के प्रीमियम पिक्स, जिसमें आकर्षक साड़ियाँ, पुरुषों के औपचारिक कॉम्बो, और बहुत कुछ शामिल है। रोजाना क्लीयरेंस सेल ऑफ द डे में चुनिंदा उत्पादों पर 50% तक की छूट मिलेगी, जो पहले से चल रही डील्स के अतिरिक्तय है।

इस बीच, घर से काम या ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले ग्राहक वर्क फ्रॉम होम कम्फर्ट स्टाइल के तहत 149रूपए से शुरू होने वाले लाउंज वियर, आरामदायक टी-शर्ट्स और सॉफ्ट बॉटम्स का फायदा उठा सकते हैं।

## संगीत साधकों द्वारा राम दरबार में भजन सेवा संपन्न

**लालशेखर सिंह**

**अयोध्या (उत्तर शक्ति)।** अयोध्या में 5 मई को सनातन धर्मावलंबियों के प्रमुख आस्था केंद्रों में प्रतिष्ठित अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में दर्शन हेतु करोड़ो श्रद्धालु पिछले एक बर्ष में अयोध्या आ चुके हैं। राममंदिर के निर्माण क्रम में रामलला मंदिर के ऊपरी तल पर श्रीराम दरबार का नवनिर्माण किया गया है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से दर्शन पूजन करके अपनी भक्ति से पुण्य अर्जित किया। वहीं इसी श्रद्धा भाव से गायक विवेकानंद, राम नंदन आदि संगीत साधकों ने श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मंगल उत्सव पर भजन गायन सेवा अर्पित करके अपना पुण्यवर्धन किया।इस सुअवसर पर गायक द्वय विवेकानंद , रामनंदन एवं अन्य कलाकारों के बीच संगत देने के लिए सुप्रसिध्द तबला वादक सियालाडली शरण भाई जी भी रामदरबार में उपस्थित थे।श्रद्धालु गण भजन गायकों एवं साथी कलाकारों के साथ भाई जी के वादन और उत्साह की भूरि-भूरि प्रसंशा करते नजर आये।भाई जी ने अपनी इस संगीत साधना को सद्गुरु देव भगवान एवं श्रीसीताराम सरकार की कृपा प्रसादी बतलाते हुए कहा कि, श्रीराम दरबार में सेवा का यह सुअवसर मेरे लिए अद्भुत, अविस्मरणीय और परम सौभाग्य का क्षण है। गौरतलब है कि, भाई जी के नाम से विख्यात तबला वादक सियालाडली शरण विगत कई वर्षों से पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज की श्रीरामकथा को अपने तबला वादन से सजाने का पुनीत कार्य कर रहे हैं, सियालाडली शरण जी पूज्य श्री प्रेमभूषण महाराज की संगीत टीम के प्रमुख सारथी के रूप में भी प्रतिष्ठित हैं। यह जानकारी वरिष्ठ पत्रकार लाल शेखर सिंह ने दी है।



# श्री नरसिंह दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज टोकनऑफ ग्रैटिट्यूड कार्यक्रम संपन्न



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** 5 जून 2025 को लता मंगेशकर नाट्यगृह, मीरा रोड मे बीएएमएस इअटर के 2018 में प्रवेशित बॅच के लिए टोकन ऑफ ग्रैटिट्यूड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात भगवान धन्वंतरी की पूजन और स्तवन से हुई। पश्चात सभी विद्यार्थीयों को डॉ. सर्वेश शर्मा इनके द्वारा चिकित्सा के प्रणेता महर्षी चरक शपथ ग्रहण का कार्यक्रम किया गया। संस्था की विश्वस्त एवं स्त्रीरोग प्रसुती तंत्र विभाग प्रमुख डॉ.ऋजुता ओमप्रकाश दुबे इन्होने कार्यक्रम का प्रास्ताविक किया और इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करना और उन्हें पहचान देना है ऐसा बताया।

संस्था के अध्यक्ष जयप्रकाश दुबे,संस्था के सचिव एवं महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. ओमप्रकाश दुबे एवं प्रमुख अतिथि नवभारत टाइम्स मुंबई के संपादक कॅप्टन सुंदरचंद ठाकूर इन्होने सभी विद्याथीयोंको प्रशस्तीपत्र एवं चरक शपथ की प्रती देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी कॅप्टन सुंदरचंद ठाकूर ने विद्यार्थीयों को अनुशासन का पालन का महत्व बताते हुए भविष्य में किस तरह से प्रगती की जा सकती है उसके बारे मे बहुत सारी बातें उदाहरण देकर स्पष्ट करते हुए बताते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। सुबह कम से कम 11 मिनिट तक प्राणायाम और ध्यान करने की सलाह उन्होने दी जिससे सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है ऐसा बताया।

इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हेमलता शेंडे, सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन राजेश्वरी मुस्तरिया एवं अक्सा शेख इन विद्यार्थीयों ने किया। डॉ. शरद कुमार मौर्य एवं डॉ. मानसी ब्रीद इन्होने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंत मे सभी का आभार व्यक्त किया।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : अशोक चौरसिया



**9 से 21 जून तक 'संकल्प से सिद्धि' अभियान चलाया जाएगा : पुष्पराज सिंह**

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** भाजपा जिला कार्यालय पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में भाजपा काशी के क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि के रूप मे बोलते हुये अशोक चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। उनकी नीतियों से भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि यह आयोजन 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन तक चलेगा आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर भी कार्यक्रम होंगे। ऑपरेशन सिंदूर का भी खासतौर पर जिक्र होगा प्रत्येक मंडल पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा इसमें विकसित भारत के लिए संकल्प लिया जाएगा शहर में मोहल्ला चौपाल और पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत आयोजन होगा। विधानसभा क्षेत्रों में लाभार्थी शिविर लगेंगे जिनमें केंद्रीय योजनाओं का पंजीकरण होगा। इनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना का शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि 9 से 21 जून तक 'संकल्प से सिद्धि' अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जनपद और मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे साथ ही जनता को सरकार की दूरदर्शी नीतियों से अवगत कराएंगे। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और अभियान के संयोजक व सह-संयोजक मौजूद रहे। सभी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया उन्होंने मंडल और शक्ति केंद्र स्तर के कार्यक्रमों की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल पीपीटी स्लाइड के माध्यम से तारीख वार तरीके से कार्यक्रम की कब और कैसे करना है पर चर्चा की। 11-12 जून को प्रेस वार्ता और प्रबुद्ध समागम होगा। 9 जून से 9 जुलाई तक 'बदलता भारत मेरा अनुभव' डिजिटल प्रतियोगिता चलेगी 13 से 15 जून तक मंडल स्तर पर अभियान होगा 16 से 18 जून तक शक्तिकेंद्र स्तर पर कार्यक्रम होंगे 19 से 21 जून तक विश्व योग दिवस मनाया जाएगा।

मंच का संचालन सुशील मिश्रा ने किया और वृत्त सुरेंद्र कुमार सिंघानिया ने लिया। उक्त अवसर पर जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक शक्ति केंद्र संयोजक गण उपस्थित रहे।

# हेंकेल ने नवी मुंबई में मैंग्रोव की सफाई कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**नवी मुंबई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हेंकेल इंडिया और नवी मुंबई नगर निगम ने मिलकर टीएस चाणक्य के पास स्थित मैंग्रोव क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति दोनों संस्थाओं की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस वर्ष की थीम हमारी भूमि। हमारा भविष्य। हम #GenerationRestorati on हैं के अंतर्गत करीब 100 स्वयंसेवकों, जिनमें हेंकेल के कर्मचारी, नगर निगम के कर्मचारी और विभिन्न कॉलेज के छात्र शामिल थे, ने नवी मुंबई के इस महत्वपूर्ण तटीय क्षेत्र को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के लिए मिलकर कार्य किया।

हेंकेल इंडिया के कंट्री प्रेसिडेंट एस. सुनील कुमार ने कहा, यह सफाई अभियान हेंकेल की पर्यावरण सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और समुदायों के साथ साझेदारी की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम नवी मुंबई नगर निगम के सहयोग और सभी स्वयंसेवकों के उत्साह के लिए आभार प्रकट करते हैं, जिनकी एकजुटता ने इस पहल को असरदार और प्रेरणादायक बनाया। ऐसी स्थानीय और नियमित कोशिशें ही लंबे समय तक सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती हैं।

नवी मुंबई के मैंग्रोव इस शहर के लिए प्राकृतिक फेफड़ों और तटीय सुरक्षा कवच का कार्य करते हैं। ये न सिर्फ वायुमंडलीय प्रदूषण को छानते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, बल्कि तूफान और बाढ़ जैसे प्राकृतिक खतरों से भी रक्षा करते हैं। फ्लेमिंगो और किंगफिशर जैसे प्रवासी पक्षियों का बसेरा बने ये मैंग्रोव इस क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन के संकेतक भी हैं। लेकिन प्लास्टिक और गैर-घुलनशील कचरे ने इस जैव विविधता को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। इस अभियान में स्वयंसेवकों ने लगभग 5000 किग्रा कचरा इकट्ठा कर उसका वर्गीकरण किया, जिससे इस संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्र की रक्षा में योगदान मिला। अभियान का समापन एक 'रिफ्लेक्शन सर्कल' से हुआ, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने अपने समुदायों में पर्यावरण के लिए सक्रिय बने रहने का संकल्प लिया। हेंकेल और नवी मुंबई नगर निगम मिलकर हर तीन महीने में सफाई अभियान, जनजागरूकता कार्यशालाएं और प्रकृति भ्रमण जैसी गतिविधियों का आयोजन करने की योजना बना रहे हैं, ताकि यह उत्साह बना रहे और अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ें। यह पहल हेंकेल के व्यापक पर्यावरणीय प्रयासों का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर वर्षों से नवी मुंबई के महत्वपूर्ण प्राकृतिक क्षेत्रों की रक्षा और पुनरुद्धार के लिए काम कर रही है।












## महाराजगंज में दुकानदार पर हमला, एक की मौत दूसरा गंभी जख्मी



सिवान (उत्तरशक्ति)। सिवान बिहार महाराजगंज स्थानीय शहर के काजी बाजार में बृहस्पतिवार की संध्या आपसी रंजिश के कारण कन्हैया पटवा के दुकान पर बैठे दो युवकों को पांच की संख्या में हथियार से लैस पहुंचे हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी दोनों युवकों को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी लाया गया. लेकिन स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान रितेश पटवा की मौत हो गई वहीं एक भाई की इलाज चल रही है।

घटना की सूचना पाकर महाराजगंज के एसडीपीओ राकेश रंजन के साथ महाराजगंज थाना पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में लग गई है. पुलिस का माने तो घटना पुरनी रंजिश बताई जाती है पुलिस हमलावरों के घर पकड़ के लिए छापामारी कर रही है.पीड़ित परिजनों का कहना है कि कृष्ण कुमार संजीत कुमार पिंटू कुमार जितेंद्र कुमार आदि लोग हाथ में लाठी डंटा तलवार, रॉड लिए दुकान पर बैठे विकास कुमार व रितेश कुमार पटवा पर जन से मारने के नीयत से हमला कर दिए।

## श्री नर्मदेश्वर शिव प्रतिष्ठा शिव महायज्ञ समारोह का आयोजन




तारकेश्वर पांडे

मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा रोड काशी मीरा परिसर में नवनिर्मित श्री काशी महादेव मंदिर का निर्माण कर भव्य तरीके से स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा किया गया। यह गौरवशाली कार्यक्रम श्री राम नगर म्हस्कर पाड़ा मीनाक्षी नगर में, 5 जून गुरुवार दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम भक्तों के आगमन तक चलाया गया। जिसमें भक्ति भजन संगीतों से लेकर महाप्रसाद भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस महान कार्य के मुख्य आयोजक व यजमान मंगल मिठाईलाल गांधी एवं सभी सहयोगी भक्तगणो द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया। जहां पर सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर महाप्रसाद व आशीर्वाद लिया। स्थानीय लोगों के माने तो यहां पर मंदिर होने से पूजा पाठ करने में सुविधा होगी, दूर नहीं जाना पड़ेगा इसलिए खुश नजर आए परिसर के लोग।

## आरबीआई द्वारा रेपो दर में समझदारी से की गई कमी और



मुंबई। अशोक चंद्रा, एमडी और सीईओ, पीएनबी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरबीआई द्वारा रेपो दर में समझदारी से की गई कमी और तटस्थ रुख अपनाना विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है। चरणबद्ध तरीके से सीआरआर में 100 आधार अंकों की कमी करने का निर्णय विशेषरूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे प्रणालीगत तरलता बढ़ेगी और यह बैंकिंग क्षेत्र को अतिरिक्त ऋण प्रदान करने की क्षमता प्रदान करेगा। मुद्रास्फीति में कमी और मैक्रो संकेतकों में लचीलापन दिखने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण लेने का समर्थन करेगा, निवेशकों की भावनाओं को बढ़ावा देगा, और भारत की विकास गति को और मजबूत करेगा। पीएनबी में, हम इसे विशेष रूप से उत्पादक क्षेत्रों और खुदरा मांग के लिए ऋण वितरण को बढ़ाने के अवसर के रूप में देखते हैं, जबकि एमएसएमई, खुदरा, कृषि और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का समर्थन करना जारी रखते हैं। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र मजबूत बुनियादी सिद्धांतों पर खड़ा है, और हम एक स्थिर, समावेशी और विकास-आधारित वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के आरबीआई के दृष्टिकोण के साथ जुड़े हुए

## भीमसेन एकादशी निर्जला व्रत के साथ सिद्धेश्वरी धाम पर करैया चढ़ाने वाले हजारों की संख्या में दिखे श्रद्धालु



-मुहम्मद आरिफ / सिधौना, आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष दिन शुक्रवार को सिद्धेश्वरी धाम पर निर्जला व्रत रखने वाले व हलवा पूरी चढ़ाने वाले लगभग हजारों की संख्या में श्रद्धालु दिखाई दिए। बताते चले की आज ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष दिन शुक्रवार को सिद्धेश्वरी धाम पर लगभग हजारों की संख्या में हलवा पूरी चढ़ाते हुए श्रद्धालु दिखाई दिए। आज के दिन कई लोग निर्जला व्रत भी रहे धाम पर अपने-अपने बच्चों का मुंडन संस्कार गाजे-बाजे के साथ कराते हुए श्रद्धालु दिखाई दिए।धाम के चारों तरफ पूजनार्थियों के भरे रहने से उनके द्वारा पूजा पाठ कराने से वहां का वातावरण भक्ति में हो गया वहां के ब्राह्मणों के द्वारा कथा, मुंडन संस्कार ,हवन ,वैदिक मित्रों के साथ किया गया। उक्त धाम पर पूजा करने वाले ब्राह्मण महेंद्र चौबे, महेंद्र दीक्षित, मेनकार चौबे चंदा दीक्षित एवं पूजनार्थी व दर्शनार्थी लोग उपस्थित रहे।

## इंदौर पुलिस ने हथियारों की सप्लाई कर रहे तस्कर को पकड़ा, पूछताछ में हुए कई खुलासे

इंदौर। मध्य प्रदेश की इंदौर पुलिस द्वारा लगातार अवैध हथियार सप्लाई करने वाले अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है, शहर की आजाद नगर पुलिस ने चंबल क्षेत्र से सस्ते दामों में अवैध हथियार लाकर इंदौर में बेचने की फिराक में घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, आरोपी से चार अवैध हथियार और दो कारतूस बरामद किए गए हैं, आरोपी पर इंदौर में पहले से कई मामले दर्ज हैं। आजाद नगर एसीपी रविंदर बिलवाल ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी मुसाखेड़ी क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक घूम रहा है जिसके पास कई पिस्टल हैं। जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में घूम रहे युवक को पकड़ा तलाशी लेने पर युवक से 12 बोर के तीन देसी कट्टे और 315 बोर का एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। ढ४ल्लुंडी२१आरोपी अभिषेक पुरी विदिशा का निवासी है।

# मां ने बेटी को बॉयफ्रेंड के साथ आपत्तिजनक हालत पकड़ा, फिर धड़ से अलग कर दिया सिर

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। महिला ने बेटी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। गुस्से में आग बबूला हुई मां ने बेटी का सिर धड़ से अलग कर दिया। इस खौफनाक वारदात में मां का साथ मृतका के तीन ममेरे भाई और एक मौसेरे भाई ने दिया।

हत्यारों ने शव की पहचान छिपाने के लिए मृतका के सिर को गंग नहर में और धड़ को रजवाहे में फेंक दिया। बीते गुरुवार (आज से ठीक एक हफ्ता पहले) की सुबह बहादुरपुर गांव के पास रजवाहे में सिर कटी लाश मिली थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मेरठ पुलिस के लिए यह केस सुलझाना एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि शव काफी बुरी हालत में था और उसकी पहचान करना बेहद



मुश्किल था। हालांकि, शव की लोअर की जेब से निकली प्रेमी का एड्रेस लिखी पर्ची ने पुलिस को हत्यारोपियों तक पहुंचने में बड़ी मदद की, जिससे इस पूरे हत्याकांड का खुलासा हो सका।

यह पूरा मामला मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक शख्स सीआरपीएफ में तैनात हैं और उनकी तैनाती बीजापुर में है। घर पर उनकी पत्नी अपनी 17 वर्षीय बड़ी बेटी और दो छोटे बेटों के साथ रहती थी। बेटी इंटर की छात्रा थी। कुछ महीने पहले इस बेटी की फेसबुक पर गांव के ही एक बीए के छात्र लड़के से दोस्ती हुई थी। यह दोस्ती जल्द ही व्हाट्सएप बातचीत में बदल गई और दोनों यहां-वहां एक-दूसरे से मिलने लगे।

जानकारी के मुताबिक, 28 मई को मां घर से बाहर गई थी। इसी दौरान बेटी ने अपने बॉयफ्रेंड को घर बुला लिया। जब मां वापस लौटी तो उसने दोनों को एक साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। बेटी को ऐसी हालत में देखने के बाद मां का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। चूंकि, उसने बेटी को पहले भी समझाया था, लेकिन वह नहीं मान रही थी, ऐसे में मां ने यह खौफनाक साजिश रच डाली।

इसी के चलते बीते बुधवार को मृतका के ममेरे भाई गुरदीप, मोनू और मनीष अपनी बुआ के घर पहुंचे। इनके साथ दिल्ली का रहने वाला मृतका का मौसेरा भाई विपिन भी वहां मौजूद था। आरोप है कि इसके बाद मां ने इन सभी के साथ मिलकर धारदार हथियार से अपनी बेटी का सिर काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव के दो टुकड़े किए गए और धड़ को 13 किलोमीटर दूर बहादुरपुर के रजवाहे में फेंक दिया गया, जबकि सिर को 10 किलोमीटर दूर जानी गंगनहर में फेंका गया। फिलहाल, पुलिस ने अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, हालांकि एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## नगर पंचायत मड़ियाहूं को आदर्श बनाने का लिया है संकल्प : कमाल

### 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में शामिल हुई नगर पंचायत अध्यक्ष

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। 16वें केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत को और कैसा बेहतर बनाया जाए इसको लेकर लखनऊ में आवश्यक बैठक नगर निगम के महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस बैठक में पूर्वांचल की एकमात्र मड़ियाहूं नगर पंचायत अध्यक्ष रूखसाना कमाल को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में वाराणसी, गोरखपुर, पीलीभीत, देवरिया, महोबा, कानपुर देहात, लखनऊ, गाजियाबाद व बलिया के अध्यक्षगण भी मौजूद थे। मड़ियाहूं नगर पंचायत अध्यक्ष रूखसाना कमाल ने 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के समक्ष अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के साथ-साथ मड़ियाहूं नगर पंचायत में और बेहतर कार्य किया



जा सकता है। रिपोर्ट कार्ड अध्यक्ष के सामने पेश किया। 15वें वित्त आयोग में आने वाली समस्याओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी पेश की। रूखसाना कमाल ने बताया कि वे निर्दल प्रत्याशी के रूप में जनता के आशीर्वाद से लगातार दूसरी बार मड़ियाहूं नगर पंचायत की अध्यक्ष चुनी गईं और आज केंद्रीय वित्त आयोग के समक्ष अपना लेखा-जोखा पेश कर रही है। उन्होंने केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष से मांग किया कि मड़ियाहूं नगर पंचायत को और बेहतर व आदर्श कैसे बनाया जाए। इसके लिए हम लोग मिलकर सरकार की योजनाओं को लागू करते हुए जनता व जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदेश की सभी सारकारी योजनाओं का लाभ जहां जनता को दिया जा रहा है वहीं केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाओं का लाभ भी हम लोग जनता को देने में जुटे हैं। गौरतलब है कि पूरे उत्तर प्रदेश से 10 नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों को ही इस बैठक में आमंत्रित किया गया था जिसमें भाजपा व उनके गठबंधन के अध्यक्ष ही मौजूद थे। रूखसाना कमाल एकलौती निर्दल महिला नगर पंचायत अध्यक्ष इस बैठक में मौजूद थी, जिन्होंने मड़ियाहूं के विकास का संकल्प ले रखा है।

# ZEE5 की मनोरंजक थ्रिलर अंधार माया के लिए किशोर कदम

### रुतुजा बागवे और शुभंकर तावड़े ने बिना रुके 30 रातों तक की चुनौतीपूर्ण शूटिंग को पूरा किया

ठाणे। ZEE5 की अंधार माया एक रोमांचक और सम्मोहित कर देने वाला अनुभव साबित हुई है, जिसने कोकण की पृष्ठभूमि और उसकी डरावनी कहानी के साथ दर्शकों को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया। जहाँ अंधार माया अपने धीरे-धीरे बढ़ते तनाव और गहन, वातावरणीय दृश्यों के जरिए दर्शकों को (और वो भी सकारात्मक रूप में) अंदर तक प्रभावित कर रही है, जो वास्तव में इस सीरीज को अलग बनाता है, वो हैं इसके पीछे की मेहनत और समर्पण। इसकी शूटिंग कोकण के बीहड़ और दूरदराज इलाकों में की गई, जो खुद इसकी कहानी जितनी ही गहन रही। कास्ट और क्रू ने हर एक फ्रेम को




असरदार बनाने के लिए लंबे, थकाने वाले शेड्यूल और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण दृश्यों का डटकर सामना किया। यह बेहद कठिन प्रक्रिया टीम के गहरे समर्पण और जुनून की गवाही देती है - जो स्क्रीन पर साफ झलकता है। अपनी सिहरन पैदा करने वाली वास्तविकता तथा गहराई से बुनी हुई कहानी के साथ, अंधार माया एए5 की क्षेत्रीय कहानियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और साहसिक कदम है, जो दर्शकों के दिलों दिमाग पर स्थायी छाप छोड़ती है। मुख्य तीन कलाकारों में वरिष्ठ अभिनेता किशोर कदम के साथ प्रतिभाशाली सितारे रुतुजा बागवे और शुभंकर तावड़े ने कड़ी मेहनत के साथ 30 रातों की थका देने वाली शूटिंग पूरी की, जिसमें शूटिंग पूरी तरह अंधेरे में की गई। उस सन्नाटे, भयावहता और दूर-दराज स्थान ने कहानी की मनोवैज्ञानिक गहराई को और भी बढ़ा दिया, जिससे कलाकार अपने किरदारों में पूरी तरह डूब सकें। अनुभवी अभिनेता किशोर कदम ने सेट पर सिहरन पैदा करने वाले माहौल को याद करते हुए कहा, ह्लवह हवेली इतनी डरावनी थी कि हमें कम अभिनय करना पड़ता था, क्योंकि माहौल खुद ही इतना प्रभावशाली था कि वह हमें अपने किरदारों में सहज ही खींच लेता था।

## 4 वर्ष दस माह बाद माँ दुर्गा की अष्टधातु प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

केराकत जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लगभग 200 वर्ष पुरानी माँ दुर्गा की अष्टधातु प्रतिमा जो 5 अगस्त वर्ष 2021को शाम के समय गोमती नदी से मछुआरों के जाल में निकली थी। वर्षों के लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को केराकत कोतवाली परिसर स्थित हनुमान मंदिर के बगल में वैदिक मंत्रोचार और हवन पूजन के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित कर दिया गया। यह दुर्लभ प्रतिमा 6अगस्त वर्ष 2021में उस समय चर्चा में आई थी,जब मछुआरों के जाल में यह गोमती नदी से निकली थी। और दो गांवो के ग्रामीण प्रतिमा पर अपने हक को लेकर आपस में लड़ने लगे थे। प्रतिमा कुसरना गाँव के महादेवा घाट पर मिली थी, और प्रतिमा को पाने वाले मछुवारे सरोज बड़ेवर गाँव के थे। विवाद बढ़ता देख स्थानीय पुलिस द्वारा प्रतिमा को जब्त कर इसे कोतवाली के मालखाने में सुरक्षित रख दिया गया था। चूंकि यह प्रतिमा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई, इसलिए इसे आम जनता से दूर रखकर सुरक्षा में रखा गया।

प्रतिमा की जाँच में विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट किया कि यह अष्टधातु से बनी हुई है और इसकी आयु लगभग दो शताब्दी पुरानी है। धातु संरचना, शिल्पकला और ऐतिहासिक महत्व के कारण इसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई गई। इसके संरक्षण के बाद से ही स्थानीय लोग इसकी स्थापना की माँग करते आ रहे थे। वर्तमान कोतवाल प्रभारी अवनीश कुमार राय ने जनता की आस्था और ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए पहल की और प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं सार्वजनिक स्थापना का निर्णय लिया। प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद आयोजन की तैयारियाँ शुरू की गईं।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह

स्थापना के दिन सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र होने लगे। प्रतिमा को विशेष रथ पर सुसज्जित कर पूजा-अर्चना के साथ मंदिर लाया गया। वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजन और प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंत्रोच्चार, भजन, हवन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ गूंजता रहा।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में क्षेत्र के कई अधिकारी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन कोतवाली द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अपराध निरीक्षक विजय शंकर यादव, अवधेश कुमार, रणजीत सिंह, रवि कुमार सिंह, मिथलेश राजभर, राकेश पाल, राकेश सिंह आदि लोग उपस्थि रहे।

## युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

गुडगांव। सदर थाना एरिया के सुभाष चौक के निकट एक मॉल में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई कहासुनी पर युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वारदात को अंजाम देने के आरोपी के साथ था। पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटे के दरमियान एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, सदर थाना पुलिस को सूचना मिली कि बुधवार की रात को सुभाष चौक के निकट आईएलडी मॉल के पास हुए झगड़े में एक युवक को गोली मार दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि वह बुधवार देर रात करीब 11.15 बजे वह अपने छोटे भाई 24 वर्षीय वसीम के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में मलबा उठाने के लिए सुभाष चौक के निकट आईएलडी मॉल आया था। सिक्योरिटी चैक पोस्ट के पास एक अधेड़ ने ट्रैक्टर को अंदर ना ले जाने की धमकी दी और उनके बीच झगड़ा भी हुआ। जिसके बाद उन्हें समझाकर ट्रैक्टर को मलबा भरने के लिए अन्दर लगवा दिया और अपने छोटे भाई वसीम व लेबर को छोडकर बाहर आ गया। इसके बाद वसीम ने फोन करके बताया कि स्कोर्पियो गाड़ी में आया एक युवक उनके साथ मारपीट और गाली-गलौच कर रहा है। शिकायतकर्ता अंदर गया तो युवक ने उस पर गोली चला दी। जिसमें वह बच गया। जिसके बाद उसने दूसरा फायर वसीम पर कर दिया। गोली उसके पेट में लगी। जिसके बाद आरोपी हवाई फायर करता हुआ अपने साथियों सहित स्कोर्पियो में सवार होकर फरार हो गया। आरोपी की पिस्टल भी बाहर घास में गिर गई। घायल वसीम की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल व चार खाली खोल कारतूस बरामद किए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ ही घंटे में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान घामडोज निवासी दीपक (36 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि दीपक के दोस्त मनोज की मॉल के गेट पर पान की दुकान है। उसकी ट्रैक्टर चालक से मॉल में एंट्री को लेकर कहासुनी हो गई। मनोज के कहने पर वह अपनी लाईसेंसी पिस्टल लेकर वहां पहुंचा था।

## राहुल पांडेय का वैवाहिक प्रीतिभोज सम्पन्न



मुंबई। नवभारत के पत्रकार दयाशंकर पांडेय के पुत्र पत्रकार राहुल पांडेय के वैवाहिक प्रीति भोज कार्यक्रम गत दिनों मुंबई स्थित हिंदी हाईस्कूल,साबू हॉल घाटकोपर वेस्ट मुंबई में आयोजित किया गया था। जिसमे नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान करने पहुँचे चांदिवली के विधायक दिलीप लांडे घाटकोपर बेस्ट के विधायक राम कदम, पूर्व सांसद किरीट सोमैया,घाटकोपर पूर्व के विधायक पराग शाह,महाराष्ट्र के पूर्व हाउसिंग मनिस्टर प्रकाश मेहता,कृष्णा हेगड़े,पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह,कांग्रेस नेता संदीप शुक्ला, प्रवक्ता आनंद दुबे,कांग्रेस प्रवक्ता चरण सिंह शप्रा,वीरेंद्र बक्शी,डॉ राजेन्द्र सिंह,डॉ शैलेन्द्र सिंह,डॉ पुष्पा सिंह,डॉ उषा मुकुंदन, नंदिनी जगन,दिग्विजय सिंह,आर डी सिंह,सुनील दुबे,पूर्व नगरसेवक सुरेश पाटिल,सीताराम तिवारी, दीपक जोशी,किरण लांडगे, सुरेश कोपरकर,चंदन शर्मा,रांका नेता,नितिन देशमुख, एडवोकेट अमोल मतेले,डॉ दिलीप यादव,नीलेश तिवारी,डॉ वीरेन्द्र उपाध्याय, डॉ जी जे पाण्डेय, विजय पुजारी,चंद्रकांत जाधव, राजेश उपाध्याय,अशोक तिवारी,सागर शेट्टी,राजू घुगे,सुनील गंगवानी,राजोल पाटिल,सीखा आनंद मिश्रा, नवभारत के ग्रुप प्रेसिडेंट श्रीनिवास राव, सह स्थानीय संपादक बृजमोहन पाण्डेय, लतिकेश शर्मा,आदित्य दुबे,जे पी सिंह,इंद्रजीत सिंह,विनोद जगदाले,सुनील सिंह,शिवशंकर सिंह(पप्पी सेठ) ,महेंद्र सालवी,विनोद राजोड़िया,अनिल निर्मले,ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला, पंकज सिंह ठाकुर,धर्मेंद्र तिवारी,राजेन्द्र शिर्के,कमलेश गुप्ता,अविनाश पाण्डेय,सुनील मोरे,भरत शेट्टी,रामगोविंद यादव,वीरेंद्र सिंह,प्रशांत बढ़े,संतोष पाण्डेय,राजेश चतुर्वेदी, अनुपम चतुर्वेदी,देवेंद्र शुक्ला, अखिलेश तिवारी,भद्रेश तिवारी,बालकृष्ण पुजारी, विंनोद सालेचा,ब्रिजमोहन शर्मा,वीरेंद्र शर्मा,संतोष सिंह,विनय सिंह,श्रीस उपाध्याय, रामसूरत पाण्डेय,मनोज मिश्रा,अनिल गलगली,भंते जी वीरत्न,डॉ वैभव देवगिरिकर, डॉ रविंद्र, डॉ रजनीकांत मिश्रा, डॉ हर्षवर्धन सिंह,रामजी शुक्ला, नित्यानंद शर्मा,नीलेश मोरे,हरिश्चन्द्र पाठक,संजय गिरी,सिंधुसेन तिवारी सहित राजनैतिक, मीडिया,सामाजिक,चिकित्सा, सिच्छा क्षेत्र से जुड़े एवं वरिष्ठ गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा एका मोबिलिटी ई-बसों को हरी झंडी दिखाई गई

मुंबई। एका मोबिलिटी, एक अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन और प्रौद्योगिकी कंपनी, ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू जी के हाथों अरुणाचल प्रदेश में अपनी 10 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर भारत की हरित गतिशीलता यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। कन्व्हर्जन्स एनर्जी सर्व्हिसेस लिमिटेड (सीईएसएल) द्वारा सुगम निविदा के हिस्से के रूप में इन इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति अरुणाचल प्रदेश राज्य परिवहन सेवा (एपीएसटीएस) को की गई है। 900 मिमी की ऊँचाई वाली ये 9-मीटर इलेक्ट्रिक एसी बसें आसान पहुँच और इष्टतम प्रदर्शन के लिए



डिजाइन की गई हैं, जिन्हें अरुणाचल प्रदेश के अनूठे इलाके और शहर के भीतर के मार्गों के लिए तैयार किया गया है। एका मोबिलिटी के बिजनेस हेड और चीफ ग्रोथ ऑफिसर रोहित श्रीवास्तव ने कहा, हमें अरुणाचल प्रदेश के हरित भविष्य के दृष्टिकोण में योगदान देने पर गर्व है। हमारे वाहन गर्व से भारत में डिजाइन और निर्मित किए जाते हैं, जो विविध भारतीय भौगोलिक क्षेत्रों के लिए अनुकूलित स्थायी स्वदेशी नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर ध्वजारोहण हमारे पर्यावरण की रक्षा में नवाचार और सहयोग की भूमिका की एक शक्तिशाली याद दिलाता है। एका मोबिलिटी पूरे भारत में सुरक्षित, टिकाऊ और उन्नत ईवी मोबिलिटी समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुंबई से अयोध्या की पर्यावरण यात्रा का धोपाप सुल्तानपुर में समापन




सुल्तानपुर। पर्यावरण जनजागरण के लिए काफी समय से चल रही हरित जीवन पर्यावरण यात्रा के प्रथम चरण का समापन सुल्तानपुर स्थित धोपाप धाम पर किया गया. ज्ञात हो कि मुंबई से अयोध्या तक इस यात्रा को ले जाने का प्रयास चल ही रहा था कि इस बार 5 जून को पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा एक ही दिन पड़ा . इस संयोग को देखते हुए धोपाप के निकट बुधना देवी मंदिर के पास स्थानीय प्रकृतिप्रेमी गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इसके समापन की घोषणा की गई. पर्यावरण को समर्पित हरित जीवन पत्रिका की इस पर्यावरण यात्रा को स्थानीय के लोगों ने बहुत महत्वपूर्ण माना एवं पर्यावरण को बचाए रखने एवं नदी के तट पर प्लास्टिक ना फेंकने एवं कूड़ा करकट ना डालने की प्रतिज्ञा की. इस अवसर पर लमभुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवनीश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू भैया ने इस यात्रा की प्रशंसा की और कहा कि ऐसी यात्राएं सदैव चलती रहे यही मेरी ईश्वर से कामना है। आयोजक हरित जीवन उत्तर प्रदेश के ब्यूरो चीफ मुमताज अली ने बताया कि धोपाप घाट पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा. जिसमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराए जाएंगे .इस अवसर पर पूर्व बीडीसी जियाउल हक, अध्यापक राखी सिंह, संजय यादव, इजहार अहमद, राजेश यादव, शैलेंद्र दुबे नौशाद अली,मानसिंह, कुर्बान जीशान, राम लौट यादव, संजय निषाद, शहबाज, आदम प्रदीप निषाद इत्यादि मौजूद रहे.

